


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 144 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शुक्रवार 11 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## खास-खबर

### लोकवाणी की 27 वीं कड़ी का प्रसारण कल, 'छत्तीसगढ़ सरकार-नारी शक्ति के सरोकार' विषय पर होगी केंद्रित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 27 वीं कड़ी का प्रसारण 13 मार्च 2022 को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार 'छत्तीसगढ़ सरकार-नारी शक्ति के सरोकार' विषय पर प्रदेशवासियों से बातचीत करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों, एफएम रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक किया जाएगा।

### केजरीवाल की अपील: मोदी जी, हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि एमसीडी चुनाव मत टालिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में चुनाव आयोग द्वारा नगर निगम के चुनाव टालने और इसके पीछे दी गई दलीलों को लेकर मुख्यममंत्री अरविंद केजरीवाल ने नाराजगी जताई है। उन्होंने चुनाव आयोग पर केंद्र सरकार के आगे झुकने का भी आरोप लगा दिया है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र पर जानबूझकर संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप भी लगाया है। केजरीवाल ने प्रेस वार्ता की शुरुआत करते हुए कहा, दिल्ली में नगर निगम के चुनाव होने थे जिसे लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने 9 मार्च को सुबह एक प्रेस इनवाइट जारी किया था शाम 5.00 बजे तक आयोग चुनाव की तारीखों का एलान करेगा। उसी शाम एक घंटे पहले शाम चार बजे केंद्र ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी कि हम दिल्ली के तीनों निगमों को एक करना चाहते हैं, इसलिए आज चुनाव टाल दें। केजरीवाल का आरोप है कि इसके बाद चुनाव आयोग ने एमसीडी के चुनाव टालने का एलान कर दिया। शायद देश के 75 सालों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ होगा कि केंद्र सरकार ने सीधे किसी राज्य के चुनाव आयोग को चुनाव टालने के लिए कहा होगा। केजरीवाल ने पूछा कि, भाजपा शासित सरकार बीते लगभग आठ साल से केंद्र में है और अगर उन्हें तीनों निगमों को एक ही करना था तो पहले क्यों नहीं किया। चुनाव की तारीखों के एलान से ठीक पहले ऐसा क्यों किया गया? उनका कहना है कि निगमों का एकीकरण तो बहाना है, मकसद चुनाव टालने का था क्योंकि भाजपा को लगता है कि दिल्ली में आप की लहर है जिसमें भाजपा बह जाएगी और एमसीडी चुनाव हार जाएगी।

# भाजपा की जीत पर शिवसेना का तंज मायावती और ओवैसी को दें भारत रत्न

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी चुनाव में भाजपा गठबंधन को 273 तो सपा गठबंधन को 125 सीटें प्राप्त हुई हैं। चुनाव नतीजे के बाद सीएम योगी के नेतृत्व में गठित होने वाली भाजपा की नई सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्यों पर दिल्ली में मोहर लगेगी। इसके लिए सीएम योगी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित अन्य नेता आज दिल्ली जा सकते है। वहीं, नतीजों के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती का बयान आया है।



### संजय राउत का मायावती और ओवैसी पर हमला



यूपी में चुनाव नतीजों पर शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि यह भाजपा का राज्य था, अब भी है, लेकिन अखिलेश की सीटें तीन गुना बढ़ी हैं। सपा 42 से 125 पर पहुंची है। मायावती व ओवैसी ने भाजपा की जीत में योगदान दिया, इसलिए उन्हें पद्म विभूषण व भारत रत्न देना चाहिए।

### भाजपा ने लखनऊ में झटका खाकर भी भगवा फहराया

यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने राजधानी लखनऊ में झटका खाकर भी भगवा फहराया है। 2017 के चुनाव में नौ में से आठ सीटें पाने वाली पार्टी को इस बार सात सीटें मिली हैं। खास बात यह है कि शहर की दो सीटों पर भाजपा को मात मिली है, लेकिन उसने पहली बार मोहनलालगंज में जीत दर्ज करने का भी रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही जिले की ग्रामीण क्षेत्र की सभी सीटों पर पहली बार जीत हासिल करने का तमगा भी उसे मिला है।

यूपी विधानसभा के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान दिया है। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को हमारी सीटें ढाई गुनी व मत प्रतिशत डेढ़ गुना बढ़ाने के लिए हार्दिक धन्यवाद! अखिलेश यादव ने आगे लिखा कि हमने दिखा दिया है कि भाजपा की सीटों को घटाया जा सकता है। भाजपा का ये घटाव निरंतर जारी रहेगा।आधे से ज़्यादा भ्रम और छलावा दूर हो गया है बाकी कुछ दिनों में हो जाएगा। जनहित का संघर्ष जीतेगा!

### आज दिल्ली जा सकते हैं सीएम योगी समेत कई बड़े नेता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गठित होने वाली भाजपा की नई सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्यों पर दिल्ली में मोहर लगेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित अन्य नेता आज दिल्ली जा सकते है।

### अखिलेश बोले-आधे से ज्यादा भ्रम दूर हो गया, मायावती ने कहा- हमें 'अपनों' ने भी छोड़ा

उत्तर प्रदेश में भाजपा के हाथ गुलाल तो सपा, बसपा और कांग्रेस को मलाल हाथ लगा। गुरुवार को ईवीएम खुलीं तो यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में भाजपा गठबंधन ने न सिर्फ 273 सीटें जीतीं, बल्कि ऐतिहासिक जीत के साथ लगातार दूसरी बार सत्ता पर काबिज होने का रिकॉर्ड भी रच दिया। सपा-रालोद गठबंधन को सीटें भले 125 मिलीं लेकिन भाजपा के लिए वे कोई चुनौती नहीं बन सके। बसपा और कांग्रेस की तो दुर्गति हो गई।

# तीसरे दिन भी 6 कारोबारियों के ठिकानों पर चल रही आईटी की जांच, 15 करोड़ से ज्यादा कैश मिलने की चर्चा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 6 बड़े कारोबारियों के घर और ठिकानों पर इनकम टैक्स का छापा पड़ा है, जिसकी कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी है। आईटी विभाग की इस कार्रवाई में छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के 100 से ज्यादा अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं। प्रदेश की राजधानी रायपुर, कवर्धा, दुर्ग-भिलाई, जशपुर, सूरजपुर व रायगढ़ जिले में कारोबारियों व ठेकेदारों के 18 ठिकानों पर आईटी की टीम दस्तावेजों की जांच कर रही है। आईटी की टीम को 15 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश मिलने की बातें भी सामने आ रही है।

बता दें कि कॉन्ट्रेक्टर विनोद जैन, कन्हैया अग्रवाल, एनसी नाहर और सुरेश मेघानी के ठिकानों में शुक्रवार को तीसरे दिन भी पर कार्रवाई जारी है। इन कारोबारियों के 18 ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने बुधवार की सुबह दबिश दी थी। कवर्धा में कारोबारी कन्हैया अग्रवाल और जशपुर के कांट्रेक्टर विनोद जैन के रायपुर स्थित ठिकानों पर जांच चल रही है। दुर्ग में एनसी नाहर के घर भी अफसर दस्तावेज खंगाल रहे हैं। रियल स्टेट, सड़क, भवन निर्माण, ग्रेंस, राइस मिल, ऑटोमोबाइल व होटल का संचालन करने वाले छह कारोबारियों के रायपुर, रायगढ़ सूरजपुर, भिलाई-दुर्ग व कवर्धा जिले के 18 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा है।

### कारोबारियों के रिश्तेदारों के घर भी पहुंची टीम

इन कारोबारियों के रिश्तेदारों के घरों में भी आईटी की टीम पहुंची है। रायपुर में अशोक रतन के बाहर पुलिस कर्मचारी भी तैनात है। रायपुर में ही रोमांस्क्यु विला, पंडरी स्थित होटल पुनीत में भी कार्रवाई जारी है। हीरापुर-तेंदुआ स्थित फैक्ट्री में भी टीम दस्तावेजों की जांच कर रही है। आईटी की इस कार्रवाई को 48 घंटे से भी ज्यादा का समय हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक आईटी की टीम ने ठेकेदारों और कारोबारी से बोगस खर्चे के दस्तावेज, 12 लैपटॉप और दफ्तर के कंप्यूटर का जब्त किया गया है। लेन-देन के संबंध में कारोबारियों व फर्म संचालकों से पूछताछ जारी है।

### आईटी ने जब्त किए कच्चे लेन-देन के दस्तावेज

सूत्रों के मुताबिक ठेकेदारों और कारोबारियों के पास से बड़ी संख्या में कच्चे लेन-देन के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। वहीं इनके ठिकानों से 15 करोड़ रुपये से ज्यादा नकदी, बड़ी मात्रा में ज्वेलरी और कई जगहों पर प्रॉपर्टी की जानकारी भी विभाग को मिली है। आईटी की टीम ने आधा दर्जन से अधिक बैंक लॉकर को सील किया है। सूत्रों का दावा है कि यह कार्रवाई शुक्रवार को देर रात तक चलेगी। इनकम टैक्स की एक टीम जल्द ही बैंक लॉकर खंगालने की तैयारी कर रही है। बताया जाता है कि प्रदेश के कई जिलों में इन ठेकेदारों के प्रोजेक्ट भी चल रहे हैं। आयकर के अफसर अभी कुछ भी जानकारी नहीं दे रहे हैं। इधर आईटी विभाग की कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# विधानसभा: कांग्रेस विधायक छन्नी साहू ने पति को झूठे मुकदमे में फंसाने का लगाया आरोप, स्पीकर ने दिए जांच के आदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी की महिला विधायक छन्नी साहू ने गुरुवार को विधानसभा में पति को झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया और न्याय की मांग की । विधानसभा के शून्यकाल में उन्होंने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से पूछा कि क्यों मेरे पति के खिलाफ झूठी शिकायत पर एट्रोसिटी एक्ट का अपराध दर्ज किया गया। मैने लगातार पति के बेगुनाह होने का सबूत भी दिया है। फिर भी मेरे पति को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने दावा किया कि उनके पति को उनके क्षेत्र में अवैध रेत खनन के खिलाफ आवाज उठाने के बाद झूठे आरोपों में गिरफ्तार किया गया है।

वहीं, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के विधायक प्रमोद शर्मा ने भी दावा किया कि हाल ही में उनके खिलाफ भी एक मामला दर्ज किया गया है। शर्मा ने कहा कि जब उन्होंने अपने क्षेत्र में एक जनसुनवाई के दौरान लोगों की शिकायतों को सामने रखा, तब पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

वहीं, विपक्ष के नेता धरम लाल कौशिक, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और विधायक बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य भाजपा सदस्यों ने इसे गंभीर मुद्दा बताया और कहा कि सरकार सदन के सदस्यों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने में विफल रही है। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा बहुत जरूरी है जिससे वह निडर होकर जनता का प्रतिनिधित्व कर सकें।

महंत ने राज्य के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से विधायक के पति और विधायक शर्मा के खिलाफ दर्ज मामलों की फिर से जांच कराने के लिए कहा।विधानसभा अध्यक्ष ने गृहमंत्री से कहा कि वह शुक्रवार को सदन की कार्यवाही स्थगित होने से पहले इस बारे में सूचित करें।

### विधायक ने सुरक्षा लौटाने पर कही यह बात

उन्होंने कहा, 'मैं गृहमंत्री जी से पूछना चाहती हूं आज जब महिला विधायक और उसका परिवार सुरक्षित नहीं है तब वह कैसे अपने क्षेत्र की जनता को न्याय दिला पाएगी और उनके अधिकारों की रक्षा कर पाएगी। विधायक छन्नी साहू ने कहा मैने सुरक्षा लौटाने के पहले सभी जगह अपनी बात रखी, लेकिन इस सरकार में मेरी बात नहीं सुनी गई। खनिज विभाग ने षड्यंत्र पूर्वक कार्रवाई की। कहा, शासन के भ्रष्ट अफसर कार्य कर रहे हैं। सभी साक्ष्य तीन महीने पहले पूर्व एसपी को दिया था, लेकिन उसपर जांच क्यों नहीं हुई।

### भाजपा और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने किया समर्थन

सत्ताधारी दल की विधायक द्वारा इस मामले को उठाने के बाद राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के सदस्य भी उनके समर्थन में आ गए और आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकार में जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा और सम्मान खतरे में है। विधानसभा में प्रश्नकाल के तत्काल बाद राजनांदगांव जिले के खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की विधायक छन्नी साहू ने विधानसभा अध्यक्ष से पूछा कि क्या अध्यक्ष महोदय अपने सदन की इस सदस्य से यह नहीं जानना चाहेंगे कि उसने पिछले एक माह से अपनी सुरक्षा क्यों लौटा दी है और वह किस तरह अपने विधानसभा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बिना कोई सुरक्षा के अकेले भ्रमण कर कार्यक्रमों में शामिल हो रही हैं। उन्होंने ने कहा, 'मैं गृहमंत्री जी से यह पूछना व जानना चाहती हूं कि कैसे झूठी शिकायत पर दर्जन भर पुलिस जवानों की उपस्थिति तथा मेरे स्वयं घटनास्थल पर मौजूदगी के बाद भी मेरे पति के खिलाफ-गाली गलौज, जान से मारने की धमकी और एट्रोसिटी एक्ट का जुर्म पंजीबद्ध कर लिया गया।' महिला विधायक ने कहा, 'मैं अपने पति के खिलाफ अपराध दर्ज होने से विचलित नहीं हुई हूं। मुझे केवल इस बात का दु:ख है कि झूठी शिकायत पर बिना जांच और नोटिस के जुर्म पंजीबद्ध कर लिया गया है।' विधायक ने इस दौरान पुलिस पर दोषियों को संरक्षण देने का आरोप भी लगाया।

# बांदीपोरा में सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, एलओसी के पास हुआ हादसा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज के तुलैल इलाके में शुक्रवार को सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि गुरेज घाटी के गुजरां नाला इलाके में सेना का हेलिकॉप्टर गश्त पर था। अचानक आई खराबी के कारण यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि पायलट और सह-पायलट के बारे में पता लगाया जा रहा है। माना जा रहा है कि पायलट और को-पायलट सुरक्षित बाहर निकल गए लेकिन अधिकारियों ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी। एसडीएम गुरेज ने बताया कि हादसे से पहले हेलिकॉप्टर का संपर्क टूट गया था। कारणों का पता लगाया जा रहा है।



# 'पुष्पा स्टाइल' में सफेद चंदन की तस्करी पुलिस ने दबोचा, 2 करोड़ की लकड़ी जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** साउथ की हालिया रिलीज फिल्म 'पुष्पा' ने सभी को अपना दीवाना बना दिया है। फिल्म के न सिर्फ गाने, बल्कि डायलॉग से लेकर एक्शन तक लोग बतौर ट्रेंड कॉपी कर रहे हैं। वहीं अपराधी भी इस फिल्म के चंदन तस्करी की नकल में पीछे नहीं है। आंध्र प्रदेश से छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र सफेद चंदन की तस्करी करते कोंडागांव पुलिस ने चार लोगों को दबोचा है। आरोपी अदरक की बोरियों के नीचे छिपाकर 985 किलो चंदन लकड़ी की तस्करी कर रहे थे। जब्त चंदन की कीमत 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

कोंडागांव के एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि पुलिस ने 2 करोड़ रुपये की चंदन लकड़ी जब्त की है। 985 किलो चंदन की लकड़ी के साथ 3 कर्नाटक व 1 ओडिशा के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके बाद एसडीओपी कोंडागांव निमितेष सिंह सहित थानों की टीमों को लगाया गया था। रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे नंबर-30 पर 4 लोग आइसर (ट्रक) वाहन में सफेद चंदन की लकड़ी लेकर निकले थे। पुलिस द्वारा कोंडागांव के मर्दापाल तिराहे पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी, तभी ट्रक में अब्दुल अजीज, सैयद परवेज, जयंथ एन. और संजीत बारा आए। वाहन क्रमांक एमएच 12 क्यूडब्ल्यू 3084 की तलाशी लेने पर 10 बोरियों में भारी मात्रा में सफेद चंदन की लकड़ी जब्त की गई।

### अदरक की बोरियों के नीचे छिपाया था सफेद चंदन

एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि आरोपियों ने वाहन के डाले में फिल्मी स्टाइल से अदरक की बोरियों के नीचे सफेद चंदन को छिपाकर रखा था। चंदन की लकड़ी बोरियों में टुकड़ों में भरकर महाराष्ट्र तस्करी कर रहे। 985 किलोग्राम सफेद चंदन की जब्ती बनाई गई है। चंदन लकड़ी का बाजार मूल्य लगभग 2 करोड़ रुपये है। आरोपियों से चंदन की लकड़ियों के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग की गई, लेकिन उनके पास कुछ नहीं था। कोंडागांव थाने में में धारा 379, भारतीय वन अधिनियम की धारा 41,42,52,64, छत्तीसगढ़ वनोपज व्यापार अधिनियम की 1969 की धारा 5 एवं छत्तीसगढ़ वनोपज नियम 2001 की धारा 3 व 22 का केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# चरणजीत चन्नी ने दिया इस्तीफा, सरकार गठन की तैयारी में जुटी आप, भगवंत मान दिल्ली रवाना

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में जनादेश आ गया है। सूबे के इतिहास की सबसे बड़ी जीत के बाद आम आदमी पार्टी अब सरकार बनाने की तैयारी में है। वहीं सीएम उम्मीदवार भगवंत मान दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। दूसरी तरफ पंजाब कांग्रेस में हार के बाद रार मची हुई है। गुरुवार को परिणाम आने के बाद शुक्रवार को पंजाब की राजनीति में हलचल तेज रही। आप विधायक दल की बैठक आज शाम चंडीगढ़ में होगी। नवनिर्वाचित विधायक सर्वसम्मति से सीएम उम्मीदवार भगवंत मान को अपना नेता चुनेंगे। चरणजीत चन्नी ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को दे दिया है। चन्नी ने कहा कि राज्यपाल ने मुझे और कैबिनेट को नई सरकार के शपथ लेने तक जारी रखने के लिए कहा। मैं लोगों के जनादेश को स्वीकार करता हूं।

### कैप्टन और बादल को संन्यास के समय मिली हार



पंजाब की सियासत में प्रकाश सिंह बादल और कैप्टन अमरिंदर सिंह के लिए यह चुनाव बहुत अहम था। दोनों नेता बड़े नेता हैं और यह चुनाव इनका अंतिम चुनाव माना जा रहा था। राजनीति से संन्यास के तौर पर इस चुनाव को देखा जा रहा था, लेकिन संन्यास के समय दोनों के खाते में हार लिखी गई।

### आपसी कलह ने कांग्रेस का किया बंटाधार

पिछली बार 77 सीटें जीतने वाली कांग्रेस को इस बार सिर्फ 18 सीटें मिलीं हैं। पार्टी की हार के पीछे सबसे बड़ी वजह आपसी कलह रही है। पहले कैप्टन-सिद्धू के बीच विवाद हुआ तो चुनाव से ठीक पहले चन्नी-सिद्धू सीएम चेहरे को लेकर उलझे रहे। सिद्धू ने जिस तरह से अपनी ही पार्टी के खिलाफ बयान दिया, उसे लोगों ने काफी गंभीरता से लिया। रही कसर चन्नी के रिश्तेदारों के घर पर पड़ी ईडी की रेड ने पूरी कर दी।

## संपादकीय

# नतीजों के मायने

भारतीय राजनीति का यह दौर भाजपा के लिए सुखद रूप से ऐतिहासिक है। देश के सबसे महत्वपूर्ण सूबे उत्तर प्रदेश में भाजपा को मिली जीत कुशल राजनीतिक प्रबंधन की एक बेहतरीन मिसाल है। जमीन से लेकर टेबल तक और रणनीति से लेकर वोट की राजनीति तक जो घटा है, वह अपने आप में अध्ययन का विषय है। भाजपा को साफतौर पर पता था कि महामारी की वजह से देश कैसी समस्याओं से गुजर रहा है और समस्याओं की तेज तलवार पर एक पार्टी कैसे, कितने समय तक टिक सकती है? मणिपुर, गोवा, उत्तराखंड की चर्चा छोड़ भी दें, तो अकेले उत्तर प्रदेश का हाथ से निकल जाना भाजपा के लिए क्या मायने रखता, इसे नरेंद्र मोदी के केंद्रीय और योगी आदित्यनाथ के राज्य नेतृत्व ने बहुत बेहतर ढंग से समझा था, तो नतीजे सामने हैं। उत्तर प्रदेश का चुनाव दूसरी पार्टियों के लिए भी अग्नि-परीक्षा की तरह था, पर इन पार्टियों की मेहनत में कमी रह गई। हो सकता है, विपक्षी पार्टियों ने कड़ी मेहनत की हो, लेकिन सच यह है कि समग्रता में भाजपा अपनी मेहनत से बहुत आगे निकल गई है।

> “ अब जनता का एजेंडा और साफहुआ है, वह अपना फायदा देखने लगी है। उसे अपने छोटे-छोटे हितों की ज्यादा चिंता है, वह किसी मुगालते में नहीं है। निस्संदेह, भाजपा के नेतृत्व की जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है, लोग शांति और विकास के पक्षधर हैं। अब गलती करने वाले या सेवा का मौका मिलने पर गंवा देने वाले नेताओं के लिए जगह कम होती चली जाएगी।

राम, शिव और कृष्ण से जुड़े इस प्रदेश में भाजपा स्वयं अपने लिए भी नया इतिहास लिख चली है। जीत के इस सिलसिले से पार्टी को भविष्य के लिए बहुत बल मिलने वाला है। सत्ता-विरोधी सामान्य लहर के बावजूद उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मिले 40 प्रतिशत से ज्यादा मत और गोवा, मणिपुर के सम्मानजनक मत को अगर हम देखें, तो पाएंगे कि लोग भाजपा से संतुष्ट हैं। तुलनात्मक रूप से यही पार्टी है, जो आज अपनी योजनाओं के साथ गरीबों के साथ खड़ी है। करोड़ों नौकरियों के खत्म होने, बेरोजगारी बढ़ने, महंगाई और सत्ता की कुछ खामियों के बावजूद भाजपा को लोग तरजीह दे रहे हैं, तो बाकी पार्टियों को ईमानदारी से सबक लेना चाहिए। यह मुश्किल दौर गवाह है कि आम लोग मदद की बाट जोह रहे हैं, पंजाब में जो सरकार यह काम नहीं कर पाई, वह चली गई। वहां आम आदमी पार्टी की ऐसी सरकार आ रही है, जिसके दावों पर लोगों को विश्वास है। आम आदमी पार्टी ने गोवा और उत्तराखंड में भी जोर लगाया था, लेकिन वहां लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में ही अपना सच्चा हितैषी देखा। इन नतीजों की एक व्यंजना यह भी है कि जीतेगा वही, जो मुसीबत में आम लोगों के साथ खड़ा दिखेगा।

नतीजों के बाद अनेक सुखद सवाल भी उभरने लगे हैं। क्या बार-बार अपने क्षेत्र या अपने लोगों के बीच जाने की राजनीति लौट आई है? क्या कोई बड़ा कदम उठाकर लोगों को रिझाने-दिखाने की राजनीति लौट आई है? क्या अपने ठोस विचारों या नीतियों पर बहुत आलोचना के बाद भी टिके रहने की राजनीति होने लगी है? क्या समाज को यह संदेश चला गया है कि कोरी सांप्रदायिकता या उसका भय काम नहीं आएगा, सरकार के साथ मिलकर विकास करते चलने में ही परिवार और समाज की भलाई है? पश्चिम बंगाल में मिली सीटों से भाजपा का जो उत्साह बढ़ा था, उसका असर उत्तर प्रदेश चुनाव में दिख गया है, मानो कसर पूरी हो गई हो। अब जनता का एजेंडा और साफहुआ है, वह अपना फायदा देखने लगी है। उसे अपने छोटे-छोटे हितों की ज्यादा चिंता है, वह किसी मुगालते में नहीं है। निस्संदेह, भाजपा के नेतृत्व की जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है, लोग शांति और विकास के पक्षधर हैं। अब गलती करने वाले या सेवा का मौका मिलने पर गंवा देने वाले नेताओं के लिए जगह कम होती चली जाएगी।

> “ सियासत में जो जगह कांग्रेस गंवा रही है, उसको भरने के लिए आम आदमी पार्टी सबसे मुफीद दिख रही है। यह भाजपा और कांग्रेस के बाद देश की तीसरी पार्टी बन गई है, जिसकी एक से अधिक राज्यों में सरकार है। ऐसी स्थिति में लोग अब कांग्रेस के विकल्प के रूप में आप को देखने लगेंगे। यानी, आप उस राह चल पड़ी है, जिस पर अगर वह ठीक-ठीक चलती रही, तो 2024 में वह भाजपा को चुनौती दे सकती है। मगर अभी अरविंद केजरीवाल को प्रधानमंत्री मोदी के बरक्स खड़ा करना बहुत जल्दबाजी होगी।

# लगातार बढ़ते भरोसे का जनादेश

संजय कुमार,प्रोफेसर व पूर्व निदेशक, सीएसडीएस

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों का जब एलान हुआ था, तब महंगाई, बेरोजगारी, स्कूल, सरकारी अस्पताल जैसे मसलों पर लोगों में चिंताएं दिख रही थीं, लेकिन अब जब नतीजों की घोषणा हो गई है, तब यही संकेत मिलता है कि पंजाब को छोड़कर हर सूबे में बिजली, सड़क और पानी जैसे मुद्दों पर मतदाताओं ने सत्तारूढ़ दल (भाजपा) का साथ दिया। इन विकास कार्यों ने ऐसा असर किया कि पिछले चुनाव की तुलना में भाजपा के वोट प्रतिशत में ठीक-ठाक इजाफा दिख रहा है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा की जीत के तीन बड़े कारण रहे। समाजवादी पार्टी के महंगाई और बेरोजगारी जैसे चुनावी विलाप के खिलाफ भाजपा ने कानून-व्यवस्था को मुद्दा बनाया। हर चरण में इसका जिक्र किया गया कि अगर सपा की सरकार आती है, तो राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ जाएगी। सपा की पिछली सरकार से लोगों की आशंकाओं को बल मिला। दूसरा कारण है, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं। जिन लाभार्थियों, विशेषकर वंचित तबकों को इन योजनाओं का लाभ मिला, उन्होंने भाजपा पर भरोसा किया। 2017 की तुलना में भाजपा की कहीं ज्यादा गरीबों में पैठ दिख रही है, जिसका अर्थ है कि दलित समुदाय के वोटर बसपा से छिटककर इसकी तरफआए हैं। भाजपा की जीत की तीसरी वजह डबल इंजन की सरकार है। मतदाताओं ने माना कि केंद्र में मोदी और राज्य में योगी की सरकार होनी चाहिए। राज्य के विकास-कार्यों ने लोगों के इस भरोसे को बढ़ाने का काम किया।



यहां सपा इसलिए उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई, क्योंकि वह सिर्फगठबंधन के भरोसे चुनाव लड़ रही थी। निस्संदेह उसके वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई है, लेकिन अपने मूल वोटरों के अलावा बाकी समुदाय के मतदाताओं को लुभाने में यह गठबंधन ज्यादा सफल नहीं रहा। इसे जाट मतदाताओं और किसानों से भी काफी उम्मीदें थी। मगर नतीजों की मानें, तो जाट मतदाताओं ने नाममात्र इसे वोट किया और किसानों ने भी किसानी के मुद्दे पर नहीं, बल्कि जातिगत आधार पर अपना मत डाला। हां, एक भरोसा यह था कि अखिलेश यादव, जयंत चौधरी या प्रियंका गांधी जैसे चेहरों की वजह से विशेषकर नौजवान विपक्षी पार्टियों को वोट देंगे, लेकिन ऐसा होता भी नहीं दिखा, क्योंकि सिर्फ चेहरों से चुनाव नहीं जीते जा सकते।

कांग्रेस को इसीलिए यहां मात खानी पड़ी है। अपने जनाधार को बढ़ाने का काम उसने नहीं किया। यहां पार्टी ने 40 फीसदी टिकट महिलाओं में बांटे,पर लगता है कि कांग्रेस को वोट देना इस तबके को अपना मत जाया होने जैसा लगा हो। पिछले कुछ चुनावों से भले महिलाएं मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, लेकिन इस चुनाव में उनका रुझान भाजपा की तरफदिखा है।

उत्तराखंड में भाजपा को झटका लगने के कयास थे। मुख्यमंत्रियों को लगातार बदलने से यह संदेश निकला था कि सरकार के प्रदर्शन को पार्टी भी आशानुरूप नहीं मान रही है। इसीलिए यहां अगर फिर से भाजपा सत्ता में लौटी है, तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाना चाहिए। 'मोदी मैजिक' की वजह से राज्य सरकार के प्रति नाराजगी को लोगों ने दरकिनार किया। हालांकि, यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच मत-प्रतिशत में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है, जिसका अर्थ है कि केंद्र सरकार की लोकप्रियता अगर साथ न देती, तो राज्य सरकार का जाना तय था। कांग्रेस को यहां काफी उम्मीदें थीं, पर मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा में लगा लंबा वक्त और कार्यकर्ताओं का ठंडा उत्साह संभवत: पार्टी के खिलाफगया है। यहां भी बिजली, पानी और सड़क जैसे मुद्दों पर लोगों ने भाजपा के पक्ष में वोट डाले।

पंजाब में बदलाव की बयार ने आम आदमी पार्टी को सत्ता की कुरसी दी है। यहां कांग्रेस और अकालियों के बीच सरकार बदलती रही है, लेकिन अंदरूनी कलह के चलते कांग्रेस वहां अपना भरोसा खोती गई, जबकि अकाली दल ऐसा कोई काम नहीं गिना सका, जिससे मतदाताओं का रुझान उसकी तरफ हो। ऐसे में, एक उम्मीद भरे विकल्प के रूप में आप उभरी। दिल्ली में आप सरकार के कामकाज से भी लोग इसकी तरफ आकर्षित हुए। वहां यह उम्मीद जताई जा रही है कि जिस तरह से राष्ट्रीय राजधानी में आप ने काम किए हैं, उसी तरह के बदलाव पंजाब में भी होंगे।

गोवा और मणिपुर तुलनात्मक रूप से छोटे राज्य हैं, लेकिन यहां के नतीजे भी कुछ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। हालांकि, सच्चाई यही है कि यहां पार्टियों के बदले मतदाताओं ने उम्मीदवारों को चुना है। चुनाव से पहले यहां कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए थे। गोवा में ऐसे उम्मीदवारों को भी जीत मिली है। वहीं, मणिपुर में कुकी समुदाय कांग्रेस पर भरोसा करता रहा है, लेकिन इस बार कुकी पीपुल्स एलायंस नामक पार्टी मैदान में उतरी, जिसका नुकसान कांग्रेस को हुआ। रही-सही कसर दलबदल ने पूरी कर दी। यहां कांग्रेसी नेता भाजपा में खूब आए।

जाहिर है, चुनावों के नतीजे बताते हैं कि भाजपा का जनाधार कायम है और नरेंद्र मोदी आज भी सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। इसका 2024 के लोकसभा चुनावों पर भी असर पड़ेगा। यह जीत भाजपा में नई लहर पैदा करेगी, जबकि गैर-भाजपा मोर्चा बनाने का विपक्षी दलों का उत्साह ठंडा पड़ेगा। इससे यह धारणा और मजबूत होगी कि भाजपा को हराना मुश्किल है। इन नतीजों ने नए रिकॉर्ड भी बनाए हैं, जैसे अरसे बाद उत्तराखंड में एक पार्टी लगातार दूसरी बार सत्तारूढ़ हो रही है और उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ मुख्यमंत्री दूसरी बार शपथ लेने को तैयार हैं। इससे यह संदेश जा रहा है कि 2024 का चुनाव भी भाजपा आसानी से जीत लेगी।

रही बात अरविंद केजरीवाल की, तो यह तय है कि सियासत में जो जगह कांग्रेस गंवा रही है, उसको भरने के लिए आम आदमी पार्टी सबसे मुफीद दिख रही है। यह भाजपा और कांग्रेस के बाद देश की तीसरी पार्टी बन गई है, जिसकी एक से अधिक राज्यों में सरकार है। ऐसी स्थिति में लोग अब कांग्रेस के विकल्प के रूप में आप को देखने लगेंगे। यानी, आप उस राह चल पड़ी है, जिस पर अगर वह ठीक-ठीक चलती रही, तो 2024 में वह भाजपा को चुनौती दे सकती है। मगर अभी अरविंद केजरीवाल को प्रधानमंत्री मोदी के बरक्स खड़ा करना बहुत जल्दबाजी होगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# केन्द्र से राज्य तक भाजपा के सशक्त नेतृत्व की जीत

विजय त्रिवेदी,वरिष्ठ पत्रकार

यह भाजपा नेतृत्व की विश्वसनीयता की जीत है। उत्तर प्रदेश के अलावा, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर में भी भाजपा नेतृत्व पर मुहर लग गई है। लोगों ने फैसला सुना दिया है, 37 साल बाद उत्तर प्रदेश में कोई सरकार दोहराई गई है। उत्तराखंड में भी सरकार दोहराई गई है। भाजपा की जीत के पीछे हिंदुत्व एक एजेंडा हो सकता है, जिससे पार्टी को वोट मिला है, पर अकेला यह कारण नहीं है। ध्यान रहे, गोवा या मणिपुर ऐसे राज्य नहीं हैं, जहां हिन्दुत्व काम कर जाए। मतलब विकास और नेतृत्व के प्रति लोगों के विश्वास ने भाजपा के पक्ष में काम किया है, तभी तो चार राज्यों में सरकार दोहराई जा रही है। दस साल पहले मणिपुर में भाजपा का कोई नामलेवा नहीं था। गोवा में नेताओं पर लोग ज्यादा भरोसा नहीं करते, लेकिन वहां भाजपा फिर ज्यादा सीटों के साथ आ रही है।

पूरे चुनाव को अगर देखें, तो नेतृत्व की विश्वसनीयता हर जगह काम कर रही है। इस बूते ही अरविंद केजरीवाल पंजाब में जीते हैं और अखिलेश यादव की भी सीटें बढ़ी हैं। दूसरी ओर, बसपा और कांग्रेस इसलिए बुरी तरह हार गईं, क्योंकि लोगों ने उन्हें विश्वसनीय नहीं माना। लोग प्रियंका गांधी को बहुत प्रयासों के बावजूद पर्यटक नेता के रूप में देखते रहे हैं। प्रियंका गांधी खुद चुनाव लड़तीं, भले हार जातीं, तो भी उनके प्रति विश्वास पैदा होता है। राहुल गांधी तो पिछला लोकसभा चुनाव हारने के बाद अपने क्षेत्र में गंभीरता से गए ही नहीं। स्मृति ईरानी वर्ष 2014 में राहुल गांधी से हारी थीं, लेकिन स्मृति ने उस क्षेत्र को नहीं छोड़ा और 2019 में जीतकर दिखा दिया।



अब कोई शक नहीं, योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में एक सशक्त विश्वसनीय चेहरे के रूप में सामने आए हैं। उनके समय महिलाओं की सुरक्षा पर काम हुआ है, इस पर मुहर लग गई है। महिलाओं के लिए चार बड़े काम हुए- राशन योजना, शौचालय, उज्ज्वला योजना का असर तो है ही, प्रधानमंत्री आवास योजना में मिले मकान का मालिकाना हक उन्हें देना भी कारगर रहा। वे मालकिन बनीं, ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। तीन तलाक संबंधी फैसला करके भी बदलाव किया गया है। हम नहीं कह सकते कि मुसलमान भाजपा को वोट नहीं देते, मुस्लिम महिलाओं ने भी भाजपा को मजबूती दी है। जहां भी चुनाव हुए हैं, महिलाओं के वोट भाजपा को ज्यादा मिले हैं।

एग्जिट पोल ने पहले ही दिखा दिया था कि हर राज्य में भाजपा के पास दूसरे दलों की तुलना में पांच से दस प्रतिशत ज्यादा महिला वोट हैं। हम कह सकते हैं, भाजपा की जीत में महिलाओं का योगदान ज्यादा है। प्रियंका गांधी ने नारा दिया था, लड़की हूं, लड़ सकती हूं, लेकिन यह लोगों के गले नहीं उतरा। इस अभियान की पोस्टर गर्ल भी भाजपा में शामिल हो गई। अभियान की हवा निकल गई। दूसरी बात, कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को दिया, पर बाकी राज्यों में ऐसा करने से रह गई। महिलाओं ने भाजपा पर इतना भरोसा जताया कि उन्नाव और हाथरस जैसी बड़ी घटनाएं भी इस चुनाव का मुद्दा नहीं बन पाईं। इसके बजाय अखिलेश यादव की गत सरकार के प्रति लोगों की धारणा ही ज्यादा चर्चा में रही। भाजपा की मजबूती में एक बड़ा कारण यह है कि हिन्दू वोट को लेकर तो ध्रुवीकरण हुआ। एक सर्वेक्षण के अनुसार, 51 प्रतिशत लोगों ने राम मंदिर को बड़ा मुद्दा माना है। प्रधानमंत्री ने अयोध्या को काशी से जोड़कर काम किया। उन्हें पता था, राम मंदिर निर्माण हो जाएगा, तो मुद्दा नहीं बनेगा, अत: भाजपा ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पर काम किया। इसके अलावा गोरखनाथ पीठ की वजह से गोरखपुर भी हिंदुत्व का बड़ा केंद्र है। योगी आदित्यनाथ अपने कार्यकाल में 46 बार अयोध्या गए। प्रधानमंत्री भी अपने क्षेत्र वाराणसी से लगातार जुड़े रहे। उधर, उत्तराखंड में चार धाम परियोजना पर प्रधानमंत्री ने काम किया, जो वहां बड़ा मुद्दा रहा। भाजपा ने आगे के लिए भी जमीन पुख्ता कर ली है। इसी साल राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। भाजपा हिमाचल में चुनाव की रणनीति तैयार करने में लग गई है। पांच राज्यों में चुनाव अभी खत्म हुए हैं, लेकिन प्रधानमंत्री अभी ही गुजरात पहुंच गए हैं, क्योंकि वहां साल के अंत में चुनाव होने हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





अंधेरे-उजाले की
बात करते हो,
कभी अंधोरों में
रोशनी की कीमत
भी समझों।

-अंजली जैन
7024460938

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239



























आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेंडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### प्रशासन तुहर द्वार पहल शुरू, कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने ग्राम जंगलपुर में लगाई राजस्व शिविर

**कवर्धा।** किसानों के राजस्व संबंधित समस्याओं का निराकरण करने के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के साथ पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम जंगलपुर में आयोजित राजस्व शिविर का आवलोकन किया। कलेक्टर शर्मा ने ग्रामीणों से चर्चा की और उनके समस्याओं से अवगत हुए। उन्होने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों से पहले कोटवारों के माध्यम से मुनादी करा दे,ताकि इस शिविर में ग्रामीण किसान भाग लेकर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सके। डीएल डाहिरें, कृषि उपसंचालक एम डी डड़सेना, जपद पंचायत सीईओ पन्ना लाल धुर्वे व संबंधत अधिकारी उपस्थित थे।

### भारत सरकार की महत्वपूर्ण दलहन एवं तिलहन योजनाओं का निरीक्षण

**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषकों के प्रक्षेत्र में राष्ट्रीय दलहन एवं तिलहन मिशन योजनांतर्गत चना एवं अलसी प्रदर्शन तथा सीड हब योजना का निरीक्षण 9 मार्च 2022 को विश्वविद्यालय द्वारा गठित चार सदस्यीय टीम द्वारा ग्राम रणवीरपुर, राम्हेपुर, चिलमखोदरा, सलिहा, चंदैनी, कारेसरा में किया गया। निरीक्षण दल में डॉ. आलोक तिवारी, अधिष्ठाता, कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यालय, साजा, डॉ. जी.पी. आयाम, सहायक प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय, बेमेतरा, डॉ. भारती बघेल, सहायक प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय, बेमेतरा द्वारा निरीक्षण किया गया। राष्ट्रीय दलहन, तिलहन मिशन योजना अंतर्गत समूह प्रदर्शन फ़सल चना रकबा 20 हेक्टेयर एवं तिलहन अंतर्गत अलसी 10 हेक्टेयर जो कि कुल तीन समूह में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रदर्शन दिया गया था जिसका निरीक्षण किया गया।

# स्वामी विवेकानंद टेक्नीकल विश्वविद्यालय नेवई में एक दिवसीय यातायात प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीएन मीणा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा चलाये जा रहे यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद टेक्नीकल विश्वविद्यालय नेवई में राज्य स्तरीय एनएसएस कैम्प जिसमें राज्य के 16 विद्यालय के शामिल कुल-135 छात्र/छात्राओं को गुरजीत सिंह उप पुलिस अधीक्षक, (यातायात) के द्वारा यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



कार्यक्रम के माध्यम से यातायात नियम के अंतर्गत पैदल चलने के नियम, ओवर टेक करते समय की जाने वाली सावधानियां, सडक संकेत बोर्ड, रोड मार्किंग, वाहन कहां पार्क करे, कहा ना करें की जानकारी, वाहन चलाते समय हमें क्या नहीं करना चाहिए (निर्बधन),वाहन चलाने के लिए कौन कौन से दस्तावेज जरूरी है और सबसे महत्वपूर्ण सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले (गुड सेमेरिटन) को कानून द्वारा प्राप्त सुरक्षा तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर भविष्य में सदैव यातायात नियमों का पालन करने एवं अपने परिजनों, रिश्तेदारो तथा मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का शपथ दिलाया गया। ताकि आने वाले समय में दुर्ग जिला यातायात नियमों के पालन ना करने से होने वाली सडक दुर्घटनाओ से मुक्त हो सकें।

कार्यक्रम में यातायात पुलिस के प्रआर. राजमणी सिंह, आरक्षक तिलक साहू, चालक आरक्षक वीरेन्द्र राजपूत एवं देवसिंह रघुवंशी, एनएसएस समन्वयक विश्वविद्यालय, डॉ विनय शर्मा एनएसएस डिस्टिक समन्वयक, योगेश देशमुख, श्रीमती शबाना नाज सिद्धीकी कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहें।

# कैट सीजी चैप्टर ने बजट को संतुलित एवं सकारात्मक बताया, ग्रामीण एवं शहरी अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि 9 मार्च 2022 को छत्तीसगढ का बजट मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा प्रस्तुत किया गया जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित है।

ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन एवं मार्केटिंग हेतु महात्मा गांधी रूरल पार्क के अंतर्गत 750 गौठानों में खद्यान्न पदार्थो के प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना होगी। कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत बजट संतुलित एवं सकारात्मक है। बजट में सभी वर्गो का ध्यान रखा गया है।

ग्रामीण औद्योगिक पार्क में खाद्य उत्पादों और लघु वनोपज उत्पादों की प्रसंस्करण ईकाइयों की स्थापना की जायेगी। छत्तीसगढ़ की गोधन ने पूरे देश में अपना एक अलग पहचान बनाई है किसी ने कल्पना भी नही की थी कि गोबर से कोई सामाग्री भी तैयार किया जा सकता है। प्रदेश के स्व-सहायता समूह की दीदीयों के द्वारा गोबर से दिया, मूर्ति खिलौने एवं साज-सज्जा के सामान बनाकर कर किर्तीमान स्थापित किया है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने गोबर से बने सूटकेश में बजट के दस्तावेज रखकर लाए। गोधन न्याय योजना से स्व-सहायता समूह के महिलाएँ आत्मनिर्भर हुए और समाज के लिए प्रेरणादायक बने है। श्री दोशी ने आगे कहा कि बजट में पीएससी - व्यापम की परीक्षा मे शामिल होने वाले युवाओं के फीस माफकी घोषणा की गई है। महिलाओं की समृद्धि सुराजी ग्राम योजना, युवाओं के लिए रोजगार मिशन, कृषि एवं बागवानी को बढ़ावा देने के साथ ही उद्योग एवं सेवा के क्षेत्रों पर भी बराबर फोकस किया गया।

# बजट में सभी वर्ग के लोगों का हित समाहित - अकबर

## छत्तीसगढ़ के विकास के लिए महत्वपूर्ण है यह बजट

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कवर्धा।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रस्तुत बजट को लोक कल्याणकारी बजट बताया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वागींण विकास के लिए सभी वर्ग के लोगों के हित को विशेष ध्यान रखा गया है।

वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि व्यावसायिक परीक्षा मंडल एवं लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में राज्य के स्थानीय प्रतिभागियों का परीक्षा शुल्क माफ करने की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा स्वागतेय है। इसी तरह छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का मुख्यमंत्री का निर्णय एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत बजट में सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हुए उन्हें कुछ न कुछ दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय अधिवक्ताओं के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की है। जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों के मानदेय में भी वृद्धि की गयी है। प्रदेश मे विकास की गति को गति देने के उद्देश्य से विधायक निधि की राशि 02 करोड़ से बढ़ाकर 04 करोड़ दिए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने ग्राम स्वराज के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रदेश में स्थापित गौठानों को महात्मा गांधी पार्क के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मजदूर वर्ग का ध्यान रखते हुए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहिन कृषि मजदूर न्याय योजना में 6000 रूपए वार्षिक सहायता की राशि को बढ़ाकर 7000 रूपए किया गया है। प्रदेश में शिक्षा के विस्तार के लिए हिन्दी माध्यम के 32 स्वामी आत्मानंद विद्यालय प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ महिला कोष के लिए राशि में वृद्धि करते हुए वर्ष 2018-19 की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अस्पताल भवनों एवं विभिन्न पदों के सृजन हेतु बजट में प्रावधान किया गया है। आदिवासी बाहुल्य जिले नारायणपुर में आदिवासी विद्यार्थियों के मल्लखंभ कौशल को उभारने के लिए मल्लखंभ अकादमी की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में युवा शक्ति को संगठित कर प्रदेश की विकास मे सहभागिता बढ़ाने हेतु 13 हजार से अधिक राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया जाएगा।

# बेलटुकरी हाट बाजार में लगे राजस्व कैंप कोर्ट में 200 से ज्यादा राजस्व प्रकरण निराकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। तहसील महासमुंद में तहसीलदारों ने साप्ताहिक हाट बाजारों में आज गुरुवार से हाट बाजार राजस्व कैम्प कोर्ट की शुरुआत की गई है। तहसील महासमुंद स्थित ग्राम बेलटुकरी और जोबा में हाट बाजार राजस्व कैंप कोर्ट लगाया गया। ये कैंप कोर्ट ग्राम के भीड़भाड़ वाले हाट बाजार में ही आयोजित किया गया जिसमे आस पास के ग्रामीण अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित हुए।




बीते दोनों राजस्व की समीक्षा बैठक में कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर जनता के राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निपटारा करने हेतु हाटबाज़ार वाले दिन राजस्व कैम्प कोर्ट लगाने के निर्देश दिए थे। कल शुक्रवार 11 मार्च को झारा में लगेगा।

आज आयोजित हाट बाजार राजस्व कैंप कोर्ट में 26 नामांतरण के प्रकरणों, 10 द्वितीय किसान किताब, एक एक सीमांकन और बंटवारा, 50 अस्थाई जाति प्रमाण पत्र, 53 निवास प्रमाण पत्र, एक बिक्री नकल, एक सोल्वेंसी प्रकरण और 69 आय प्रमाण पत्र, 04 अभिलेख शुद्धता के प्रकरणों का तहसीलदारों द्वारा स्थल पर ही निराकृत किया गया।

इसके अलावा राजस्व रिकॉर्ड संबंधी बहुत सी जानकारी आम जनों को दी गयी। बी-1 वाचन व निस्तार भूमियों के संरक्षण की जानकारी सार्वजनिक रूप से दी गयी। कुछ निर्माण संबंधी व सीमा विवाद सम्बन्धी आवेदनो पर सर्व संबंधित के तर्कों के आधार पर व पंचायत स्तर पर चर्चा कर उक्त पर समझाइश व निराकरण किया गया। महिलाओं, बुजुर्गों व निर्धन अपीलार्थियों के लिए राहत का अभियान रहा है। इस कैम्प कोर्ट आयोजन से लोगो तक पहुच रहे सुलभ न्याय व निष्पक्ष सुनवाई से आम ग्रामीणों को काफ़ी राहत मिली।

इसी तरह तहसील महासमुंद में प्रत्येक सप्ताह 4 हाट बाजार राजस्व कैंप कोर्ट लगाया जा रहा है ताकि किसानों और आम जनता को सीधे उनके गांव में राजस्व संबंधी प्रकरणों और शासकीय योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सके।

अनुविभागीय दंडाधिकारी भागवत जायसवाल ने बताया कि इस तहसील में अपनाए गए इस नवाचार व जन उपयोगी बाजार हाट कैम्प में आम ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष राजस्व सम्बन्धी विवादों को सुना गया। उनकी राजस्व विवादों या समस्याओं को आम जनता के समक्ष सुनने से आम राय या जनसुनवाई के साथ राजस्व क़ानून के तहत सुनवाई करने व निराकरण करने में बेहद कारगार सिद्ध हो रहा है। यह राजस्व सेवाओ व विवाद निपटान के त्वरित व सरल खुली सुनवाई के लिए एक अनुकरणीय पहल साबित होगी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति का हुआ सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कार्य करने वाली नारी शक्तियों का सम्मान राज्य स्तर से वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। पूरे प्रदेश भर के 75 महिला मेट का सम्मान इस कार्यक्रम के माध्यम से किया गया जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी एस सिंह देव द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया।

इसी तारतम्य कबीरधाम जिले के महिला मेट का भी सम्मान आज एनआईसी कक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत कबीरधाम की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत मैनपुरा की मेट कुमारी ममता, विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत सूरजपुरा हरदी की मेट श्रीमती कुंती साहू, विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत तरेगाव मैदान की मेट श्रीमती गायत्री पटेल, विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत मजगांव की मेट श्रीमती सुनीता गंधर्व के साथ ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि महिला मेट को उनके योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। क्योंकि जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजना के निर्माण कार्यों में महिलाएं द्वारा मजदूरी भुगतान, मूल्यांकन, दस्तावेज संधारण, कार्य स्थल पर सुविधाएं, महिलाओं की भागीदारी जैसे विभिन्न पहलुओं पर कार्य कर रही है। नारी शक्ति के इन्हीं योगदान को रेखांकित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो की योजना अंतर्गत 40 मजदूरों की टोली पर एक मेट होता है।

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

(VISHAL) Mobile No. 7000536728
SHREE MOBILE
Kasaridih, Sai Mandir Road, Near Raja Fire Works
Azad Chowk, Durg (C.G.)
Email ID : vishalrohda99@gmail.com
♦ Buy ♦ Sell ♦ Purchase
(All Second Hand Mobile Available)

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel,
Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI XII B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाः राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निरीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों का दल छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहा है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार गुणवत्ता समीक्षकों का दल मार्च 2022 में छः जिलों में प्रधानमंत्री सड़कों की गुणवत्ता की जांच करेंगे। उन्होंने बताया कि नारायणपुर एवं बीजापुर के लिए कादिर मोहम्मद अफजल, सुकमा एवं बस्तर के लिए उपेन्द्र नाथ प्रधान तथा जांजगीर जांपा एवं बलौदा बाजार के लिए ब्रजेश प्रसाद राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक होंगे। कादिर मोहम्मद अफजल से मोबाइल क्रमांक +91-9660849008, उपेन्द्र नाथ प्रधान से मोबाइल क्रमांक +91-7991255689 तथा ब्रजेश प्रसाद से मोबाइल क्रमांक +91-9430684392 पर संपर्क किया जा सकता है।

### 'लोकतंत्र का पक्ष और साहित्य' विषय पर समारोह 12 व 13 मार्च को रायपुर में

**रायपुर।** साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद्, छत्तीसगढ़ पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से इस शनिवार और रविवार लोकतंत्र का पक्ष और साहित्य विषय पर दो दिन का पाठ और विमर्श प्रसंग आयोजित कर रही है। रायपुर के रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन स्मृति लोकायन के हाल में आयोजित इस समारोह में 12 मार्च को शाम 5.30 बजे कहानी पाठ होगा। वहीं 13 मार्च को सुबह 11 बजे साहित्य, असहमति और लोकतंत्र का भविष्य विषय पर एक चर्चा सत्र और शाम को 5.30 पर कविता पाठ आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राजेश जोशी, विजय गुप्त, अपूर्वानंद, नथमल शर्मा, लोकबाबू, सियाराम शर्मा, आलोक वर्मा, सुश्री वंदना राग जैसे कई वरिष्ठ साहित्यकार हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से राजकमल नायक के निर्देशन में श्रीकांत वर्मा की कविताओं का रंग पाठ भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें हिस्सा लेने वाले युवा साहित्यकारों में हरिओम राजौरिया, कैलाश बनवासी, मनोज कुलकर्णी, सुश्री वंदना राग, बसंत त्रिपाठी, निधीश त्यागी, रजत कृष्ण, सुश्री श्रद्धा थवाईत, सुश्री पूनम वासम के नाम शामिल हैं। भोपाल के प्रसिद्ध कवि राजेश जोशी एक लंबे समय बाद रायपुर में कविता पाठ करने आ रहे हैं, इसे लेकर साहित्यकारों में विशेष उत्साह है।

### अवकाश के दिनों में भी चालू रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**रायपुर।** वित्तीय वर्ष 2021-22 के अंतिम माह मार्च में अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय चालू रहेंगे और पंजीयन कार्य किया जाएगा। महानिरीक्षक पंजीयन, छत्तीसगढ़ ने सभी कलेक्टरों को इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग स्टाम्प शुल्क के रूप में शासकीय राजस्व संग्रहण करने वाला एक महत्वपूर्ण विभाग है। वित्तीय वर्ष 2021-22 का अंतिम माह पूर्ण होने में कुछ ही दिन शेष है। 13 मार्च 2022 शनिवार, 13 मार्च 2022 रविवार, 26 मार्च 2022 शनिवार, 27 मार्च 2022 रविवार एवं 28 मार्च 2022 सोमवार को भक्त माता कर्मा जंयती को शासकीय अवकाश घोषित है। उक्त अवकाश के दिनों में दस्तवेजों का पंजीयन कार्य प्रभावित होने के कारण, राजस्व संग्रहण भी स्वाभाविक रूप से प्रभावित होगा। अतः जनसुविधा एवं शासकीय राजस्व संग्रहण को ध्यान में रखते हुए उक्त अवकाश के दिनों में भी पंजयीन कार्यालय चालू रखा जाए, नियमित पंजीयन कार्य कराये जाएं।

अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय, दस्तावेजों के पंजीयन के लिए खोले जाने के संबंध में, स्टाम्प की आपूर्ति बनाए रखने तथा बैंकों में 31 मार्च 2022 तक शासकीय लेनदेन को जारी रखने के लिए जिला पंजीयक, कोषालय अधिकारी एवं भारतीय स्टेट बैंक के संबंधित अधिकारियों को यथोचित निर्देश प्रसारित किए जाएं।

# बच्चों को बुनियादी भाषा और गणित सिखाना स्कूल रेडीनेस पर पांच दिवसीय कार्यशाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) में स्कूल रेडीनेस विषय पर से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे ने प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित है।




उन्होंने बालवाड़ी और स्कूल रेडिनेस के बीच के अंतर को संक्षेप में बताया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को बुनियादी भाषा, बुनियादी गणित सिखाना है। बच्चों को स्कूल के माहौल में ढालकर खेल-खेल में पढ़ाई की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने 28 जिलों से आए प्रतिभागियों से संकल्प लिया कि पांच दिवसीय कार्यशाला में दी जाने वाली जानकारी को पूरी तन्मयता से ग्रहण कर अपने स्कूलों में जाकर शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे।

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के सहायक संचालक प्रशांत कुमार पाण्डेय ने कहा कि बच्चों के साथ बच्चे बनकर उनकी कोमल भावनाओं को समझकर उन्हें सिखाना होगा। कार्यशाला को रूचिपूर्ण बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। कार्यक्रम का संचालन सुनील मिश्रा और आभार प्रदर्शन जोगेश्वर साहू ने किया। कार्यशाला में प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जयाभारती चन्द्राकर, एलएलएफ नई दिल्ली से ट्रेनिंग कोआर्डिनेटर निधि काजी, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से लोकेश प्रसाद दास, प्रथम फाउंडेशन से हितेश साहू सहित 28 जिलों के 135 प्रतिभागी शामिल हुए।

### सभी स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की होगी जांच


**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस दौरान सभी दिव्यांग बच्चों को निरूशक्तता प्रमाण पत्र जारी करना सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने सभी जिलों के कलेक्टर और जिला पंचायतों के मुख्य अधिकारी को परिपत्र जारी कर स्कूली शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से अगले दो महीनों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव जैन ने कलेक्टरों और जिला पंचायतों के सीईओ को जारी परिपत्र में कहा है कि कोरोना महामारी के पूर्व सभी स्कूली बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और इलाज स्कूल शिक्षा विभाग तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के समन्वय से किया जाता था। समग्र शिक्षा अभियान के तहत समावेशी शिक्षा मद में सभी श्रेणी के दिव्यांग बालकों का चिन्हांकन तथा आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण एवं उपचार के लिए व्यवस्था है।

# रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा के 3372 हे. क्षेत्र में बढ़ेगा सिंचाई का दायरा

### राज्य शासन ने दी 47.49 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** जल संसाधन विभाग विभाग ने रायपुर, बिलासपुर एवं कोरबा जिले में सिंचाई सुविधा बढ़ाने विभिन्न विकास कार्यों के लिए 47.49 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इन कार्यों में महानदी गोदावरी कछार के अंतर्गत दुर्ग जिले के धमधा विकासखंड की आमनेर मोतीनाला व्यपर्तन के मुख्य नहर आर.डी. 9.90 किलोमीटर से 24.75 किलोमीटर तक तथा माईनर नहरों का रिमाडलिंग तथा लाइनिंग कार्य हेतु 18.14 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस योजना से 1741 हे. क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। इसी तरह से दुर्ग जिले के विकासखंड पाटन की भिलाई डिस्ट्रिब्यूटरी एवं इसके 05 नग माइनर नहरों के जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्यों के लिए 13.61 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है,इससे क्षेत्र के किसानों को 1216 हे. क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी।

इसी तरह से जल संसाधन विभाग हसदेव कछार को कोरबा जिले के विकासखंड कोरबा के अंतर्गत चिर्रा व्यपवर्तन योजना के लिए 6.22 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस योजना के पूर्ण होने से 190 हे. खरीफ एवं 80 हे. रबी कुल 270 हे. क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत नगोई (कटोरी) व्यपवर्तन हेतु 3.95 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस योजना से खरीफ क्षेत्र के 145 हे. रकबे में सिंचाई हो सकेगी। जल संसाधन विभाग महानदी परियोजना के तहत कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड की टुरी व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य के मरम्मत हेतु भी 5.57 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

# पंचकर्म चिकित्सा से मिलता है अनेक रोगों से छुटकारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का मुख्य उद्देश्य मनुष्य के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी के रोगों की चिकित्सा है। इस पद्धति में निरोगी काया या रोगग्रस्तता का मुख्य कारण तीन दोषों वात, पित्त और कफकी सामान्य अवस्था या विषम अवस्था को माना गया है। शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. त्रिभुवन सिंह पावले ने बताया कि आयुर्वेद की विशिष्ट चिकित्सा विधा पंचकर्म के द्वारा शरीर को निरोग रखा जा सकता है। यह अनेक असाध्य और पुराने रोगों के प्रभावी उपचार में भी कारगर है। आधुनिक जीवन शैली से होने वाले अनेक रोगों के बचाव और उपचार में पंचकर्म चिकित्सा बेहद प्रभावी है। उन्होंने बताया कि भारत सहित दुनिया के विभिन्न देशों में पंचकर्म चिकित्सा की मांग दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के चिकित्सालय में पंचकर्म चिकित्सा के लिए पृथक विभाग और संसाधन मौजूद हैं जिससे लोग बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं।



डॉ. पावले ने बताया कि पंचकर्म चिकित्सा मुख्यतः शोधन और शमन चिकित्सा है जिसके द्वारा रोग के कारणों को शरीर से बाहर निकाला जाता है। पंचकर्म चिकित्सा के अंतर्गत पूर्वकर्म, प्रधानकर्म और पश्चात कर्म किया जाता है। पूर्वकर्म में स्नेहन और स्वेदन किया जाता है। प्रधान कर्म में रोगी और रोग के आयु, पूर्व रोग, शारीरिक बल और रोग की तीव्रता व जीर्णता के अनुसार वमन, विरेचन, बस्ति, नस्य और रक्त मोक्षण कर्म किया जाता है। इस चिकित्सा में रोगानुसार प्रायः कोई एक कर्म किया जाता है। पश्चात कर्म में संसर्जन, संतर्पण कर्म एवं रसायन आदि के साथ शमन चिकित्सा की जाती है। यह चिकित्सा ऐसी प्रक्रिया है जिससे शरीर का कायाकल्प हो जाता है।

पंचकर्म चिकित्सा मधुमेह, हृदय रोग, अस्थमा, पुराने जुकाम, एलर्जिक रोग, महिलाओं से संबंधित रोग, नपुंसकता, मोटापा, पेट संबंधी रोगों, कब्ज, अम्लपित्त, भोजन में अरुचि, हड्डियों एवं जोड़ों के रोग, लकवा, कैंसर, चर्म रोग, अनिद्रा और मानसिक तनाव जैसे अनेक रोगों के उपचार में कारगर हैं। पंचकर्म चिकित्सा के दौरान एवं इसके बाद में आयुर्वेद विशेषज्ञ द्वारा बताए गए सावधानियों का पालन करना आवश्यक है। डॉ. पावले ने बताया कि पंचकर्म चिकित्सा लोकप्रिय तो हो रही है, लेकिन विशेषज्ञता के अभाव, प्रशिक्षण की कमी और इसका शास्त्रीय ज्ञान न होने के कारण अनेक जटिलताएं भी पैदा हो रही हैं। जटिलताओं से बचने के लिए लोगों को पंचकर्म के लिए शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, औषधालयों और आयुर्वेद विशेषज्ञों से ही परामर्श लेना चाहिए।

# कोविड-19 संक्रमण में योग की भूमिका विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नगर निगम रायपुर के सभागार में 12 मार्च को कोविड-19 संक्रमण में योग की भूमिका विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वेवीनार का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया, विशिष्ठ अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा और योग आयोग के सदस्यगण शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 8 बजे से शाम 05 बजे तक किया जाएगा जिसमें लगभग 1500 प्रतिभागी ऑनलाईन एवं 150 प्रतिभागी ऑफलाईन सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. आनंद बालायोगी, संचालक, डॉ. रीमा दादा, प्रोफेसर एम्स नई दिल्ली, अरूणा झा, इंटरनेशनल योग ट्रेनर, डॉ. राघवेन्द्र राव, संचालक, आयुष विभाग नई दिल्ली, डॉ. शिर्ली टेलीस, संचालक, पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन हरिद्वार रहेंगे।

# हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स में लोगों को 12 तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रहीं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश भर में स्थापित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में लोगों को 12 तरह की प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। इन केंद्रों में प्रसव पूर्व देखभाल व प्रसव, नवजात शिशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं संचारी रोग व गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, सामान्य रोगों के लिए बाह्य रोगी देखभाल एवं प्रबंधन, आंख-नाक-कान-गला संबंधी सामान्य देखभाल, मुख स्वास्थ्य संबंधी देखभाल, वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं तथा आपातकालीन चिकित्सकीय सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता और इसे सुगम बनाने के लिए प्रदेश भर में 3923 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स स्थापित किए गए हैं। लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए इन सेंटर्स में 2657 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स में टेली-मेडीसिन सेवा के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा गंभीर बीमारियों की जांच और उपचार के लिए परामर्श की भी व्यवस्था है। इन सेंटर्स में जन सामान्य के उत्तम स्वास्थ्य के साथ-साथ स्वस्थ जीवन शैली के लिए भी सलाह व मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। लोगों को फिट रखने योगा, जुम्बा, क्षेत्रीय खेलों और अन्य गतिविधियों का नियमित संचालन भी इन सेंटर्स में किया जा रहा है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243



























## खास खबर



### अरशद वारसी संग अनबन पर अक्षय कुमार ने तोड़ी चुप्पी, कहा- लोग बेबुनियाद बातें लिखते हैं

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म बच्चन पांडे को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ अभिनेता अरशद वारसी भी नजर आने वाले हैं। इसी बीच अब अभिनेता ने एक्टर अरशद वारसी के साथ अपनी अनबन की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है। फिल्म के एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान दोनों अभिनेताओं ने एक-दूसरे की प्रशंसा की। साथ ही अक्षय ने दोनों के बीच दरार की खबरों को भी खारिज कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान जैसे ही अक्षय ने अरशद के साथ अपनी अनबन की अफवाह के बारे में बात करते हुए कहा, जब मेरी जॉली एलएलबी आने वाली थी, इसी बीच अरशद ने बीच में अक्षय को रोकते हुए मजाक में कहा, मेरी जॉली एलएलबी। इस पर अक्षय ने माई जॉली एलएलबी दोहराया जिसके बाद अरशद ने अपनी कुर्सी से उठकर अभिनेता को गले लगा लिया।

इसके बाद अक्षय ने फिर कहा, जब मेरी जॉली एलएलबी रिलीज होने वाली थी, तो लोगो ने अफवाह फैला दी थी कि हम दोनो के बीच झगड़ा हो गया है। लोगों ने सोचा होगा कि मैं जॉली एलएलबी 2 कर रहा हूं तो जरूर हमारा झगड़ा लगा दो। लेकिन ये बात बिल्कुल भी सच नहीं है। जब मैं फिल्म करने जा रहा था तब भी मैंने उनसे बात की थी।

लोग बिना कुछ जाने बेबुनियाद बातें लिखते हैं। अक्षय ने कहा कि उनके बारे में अन्य सहयोगियों के संबंध में भी ऐसी खबरें लिखी गई हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि, पिछली बार भी किसी ने लिखा था कि मेरा और रोहित शेट्टी का झगड़ा हो गया है। लेकिन इसका भी कोई आधार नहीं है। इस दौरान अक्षय ने अरशद की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक हंसमुख व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि अरशद एक ऐसा व्यक्ति है जो हमेशा हंसता रहता है और खाना पसंद करता है। वहीं, अरशद ने कहा कि उन्हें अक्षय के साथ काम करने का अनुभव पसंद आया। अरशद ने कहा, जब आप उन्हें जानते हैं, तो आपको पता चलता है कि उनमें कई खूबियां हैं।

गौरतबल है कि 2013 में आई फिल्म जॉली एलएलबी में अरशद वारसी ने अभिनय किया था। हालांकि, 2017 में आए फिल्म के अगले भाग जॉली एलएलबी 2 में अक्षय को कास्ट करने के बाद दोनों के बीच झगड़े की खबरें सामने आई थीं। फिल्म बच्चन पांडे की बाते करें तो इसका निर्देशन फरहाद सामजी ने किया है। साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, कृति सेनन, जैकलीन फर्नांडीज, अभिमन्यु सिंह, संजय मिश्रा और प्रतीक बब्बर भी नजर आएंगे।

# प्रभास का करियर ग्राफः कभी पहली ही फिल्म हो गई थी फ्लॉप, बाहुबली के बाद बन गए पैन इंडिया स्टार

**साउथ से लेकर बॉलीवुड में अपनी बेहतरीन अदाकारी से जगह बना चुके प्रभास की फिल्म राधे-श्याम अब रिलीज हो चुकी है। फिल्म में प्रभास हाथ पढ़ने वाले विक्रमादित्य के दमदार रोल में नजर आने वाले हैं। इन दिनों बेहतरीन फिजिक से बाहुबली कहे जाने वाले प्रभास वही एक्टर हैं जिन्होंने ठीक 20 साल पहले दुबले-पतले शरीर के साथ फ्लॉप फिल्म से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में पहला कदम रखा था। प्रभास का जन्म साउथ प्रोड्यूसर उप्पलापति सूर्य नारायण राजू और शिवा कुमारी के घर 23 अक्टूबर 1979 में हुआ था। प्रभास का पूरा नाम है वेंकट सत्यनारायण प्रभास राजू उप्पलापति। प्रभास तेलुगू एक्टर कृष्णम राजू के भतीजे हैं। प्रभास की प्रारंभिक शिक्षा भीमवरम के डीएनआर स्कूल से हुई है। प्रभास ने हैदराबाद के नालंदा कॉलेज से पढ़ाई पूर करने के बाद सत्यानंद फिल्म इंस्टीट्यूट, विशाखापट्नम में दाखिला लिया था।**

### 20 साल पहले शुरू हुआ था एक्टिंग करियर

प्रभास ने साल 2002 में रिलीज हुई तेलुगू फिल्म ईश्वर से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखाया था। इस फिल्म से प्रभास को पहचान हासिल नहीं हुई, लेकिन जब ठीक 2 साल बाद वर्षम रिलीज हुई तो प्रभास ने साउथ में लाखों फैंस बनाए। बतौर एक्टर स्थापित होने के बाद प्रभास ने चक्रम (2005), योगी (2007), एक निरंजन (2009), रेबेल (2012) जैसी कई हिट फिल्में कीं।

साल 2015 में प्रभास एसएस राजामौली की पैन इंडिया फिल्म बाहुबली द बिगनिंग में अमरेंद्र बाहुबली के रोल में नजर आए थे। ये एक ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म साबित हुई थी, जिसने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। 511. 35 करोड़ का कलेक्शन कर बाहुबली ने आमिर खान की पीके को पीछे छोड़ दिया था जिसने भारत में 440 करोड़ रुपए कमाए थे। हालांकि वर्ल्डवाइड ये चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है।

बाहुबली की बेहतरीन कामयाबी के बाद से ही भारत में पैन इंडिया फिल्मों (ऐसी फिल्में जिन्हें बड़ी टारगेट ऑडियंस के लिए तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज किया जाता है) का ट्रेंड शुरू हुआ था।



साल 2017 में बाहुबली: द कन्क्लूजन रिलीज हुई थी। ये पहली भारतीय फिल्म थी जिसने रिलीज से महज 10 दिनों में ही हजार करोड़ रुपए की कमाई की थी। फिल्म ने 1800 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। अमरेंद्र बाहुबली का रोल निभाने के लिए प्रभास वजन बढ़ाकर 105 किलो के हो गए थे। इस फिल्म के दोनों पार्ट को 5 सालों में तैयार किया गया था, ऐसे में वजन को बनाए रखने के लिए प्रभास को कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी।

बाहुबली फिल्म के लिए प्रभास ने 5 सालों तक किसी दूसरी फिल्म की शूटिंग नहीं की थी। हालांकि उन्हें राधे-श्याम फिल्म का ऑफर तब ही मिल गया था, जब वो बाहुबली की शूटिंग कर रहे थे।

प्रभास साउथ के सबसे कामयाब एक्टर हैं, इसके बावजूद वो ब्रांड एंडोर्समेंट करने में दिलचस्पी नहीं रखते हैं। प्रभास ने साल 2015 में महिंद्रा कार के एंडोर्समेंट से टीवी कमर्शियल एड में डेब्यू किया था, लेकिन इसके बाद उन्होंने कोई एड नहीं किया। रिपोर्ट्स की मानें तो साल 2021 में प्रभास ने 150 करोड़ रुपए के एंडोर्समेंट का ऑफर ठुकरा दिया था। प्रभास साल 2014 की बॉलीवुड फिल्म एक्शन जैक्सन में कैमियो रोल करते नजर आ चुके हैं। प्रभास इकलौते साउथ एक्टर हैं जिनका वैक्स स्टैचू बैंकॉक के मैडम तुसाद में बना है। साथ ही एक्टर पहले एक्टर हैं जिन्हें ईस्टर्न आई मैग्जीन में जगह मिली है। साल 2021 में प्रभास एशिया के सबसे हैंडसम मैन का टैग हासिल कर चुके हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो प्रभास ने बाहुबली फिल्म के लिए 25 करोड़, बाहुबली 2 के लिए 30 करोड़ लिए थे। साहो के लिए 100 करोड़ लेने के बाद अब खबरें हैं कि अपकमिंग फिल्म सालार के लिए एक्टर ने 150 करोड़ फीस ली है। इसी के साथ प्रभास साउथ के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बन चुके हैं।

### 215 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं प्रभास

प्रभास कुल 29 मिलियन डॉलर यानी 215 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं। उनकी कमाई का मुख्य जरिए उनकी मूवी फीस है। प्रभास का हैदराबाद के पॉश इलाके जुबली हिल्स में आलीशान बंगला है, जिसकी कीमत करोड़ों में है। फिल्म सिटी में भी उनका एक बंगला है, जिसे उन्होंने 2014 में खरीदा है। इसके अलावा प्रभास का करीब 40 करोड़ रुपए का पर्सनल इन्वेस्टमेंट भी है।

प्रभास लग्जरी लाइफस्टाइल के साथ ही कारों के भी शौकीन हैं। उनके कलेक्शन में रोल्स रॉयस फैंटम के अलावा, रेंज रोवर, जगुआर XJ, बीएमडब्ल्यू Xx, स्कोडा सुपर्ब जैसी लग्जरी कारें शामिल हैं। इन कारों की कीमत ही करीब 15 करोड़ रुपए के आसपास है।

प्रभास पर इंडस्ट्री रने 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा का दाव लगाया है। एक्टर राधे श्याम के अलावा आदिपुरुष, सलार और प्रोजेक्ट के जैसी फिल्मों का हिस्सा हैं। राधे श्याम को 350 करोड़ के बड़े बजट में तैयार किया गया है, जबकि आदिपुरुष- 500 करोड़, सालार- 150 करोड़ और प्रोजेक्ट के भी बड़े बजट में बनने वाली है।

# अक्षय कुमार के साथ डेब्यू को लेकर ये बोलीं मानुषी छिल्लर, आईमैक्स में भी रिलीज होगी 'पृथ्वीराज'

विश्वसुंदरी मानुषी छिल्लर इस बात से खुश हैं कि उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पृथ्वीराज' अब अपनी पहले घोषित तारीख से एक हफ्ते पहले रिलीज हो रही है। हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होने जा रही ये फिल्म आईमैक्स फॉर्मेट भी रिलीज होने के लिए तैयार हो रही है। फिल्म में लोकप्रिय अभिनेता अक्षय कुमार के साथ डेब्यू करने जा रहीं मानुषी छिल्लर कहती हैं, जब मैंने सुना कि फिल्म पूर्व निर्धारित डेट से पहले रिलीज हो रही है तो मैं बहुत खुश हुई। फिल्म की पूरी टीम काफी समय से बेसब्री के साथ इसकी रिलीज का इंतजार कर रही है। ऐसे में अपनी रिलीजिंग डेट से पहले आने की खबर से फिल्म की पूरी यूनिट बेहद खुश है। हम सब को उस पल का इंतजार है जब सम्राट पृथ्वीराज की हैरतअंगेज कहानी बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।




'पृथ्वीराज'के साथ यशराज फिल्म्स अपनी पहली ऐतिहासिक फिल्म बना रही है जो शूरवीर राजा पृथ्वीराज चौहान की जिंदगी और उनकी वीरता पर आधारित है। इस फिल्म में मानुषी छिल्लर को अक्षय के साथ पृथ्वीराज की प्रेमिका राजकुमारी संयोगिता के रूप में कास्ट किया गया है। प्रियंका चोपड़ा के मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के 17 साल बाद यह ताज जीतकर देश को गौरवान्वित कराने वाली मानुषी का कहना है कि यह फिल्म एक 'बिग स्क्रीन अनुभव' है!

मानुषी कहती हैं, ''यह बड़े परदे का एक शानदार शाहकार है और मैं इसकी रिलीज के दिन गिन रही हूं। महामारी की वजह से फिल्म की रिलीज को दो बार टाल दिया गया था। अब फिल्म को हफ्ते भर पहले रिलीज करने का फैसला निश्चित रूप से मेरे चेहरे पर एक बड़ी मुस्कान ले कर आया है। मैं उम्मीद करती हूं कि अपनी भव्यता के साथ यह फिल्म देश के हर फिल्म प्रेमी का मनोरंजन करेगी। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ डेब्यू करने का मौका मिलना भी मेरे लिए काफी उत्साह बढ़ाने वाला है।

हिंदी सिनेमा मानुषी की लॉन्चिंग 2022 के सबसे बहुप्रतीक्षित डेब्यू में से एक है। यश राज फिल्म्स निर्मित फिल्म 'पृथ्वीराज' का निर्देशन डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी कर रहे हैं, जिन्होंने भारत के सबसे प्रभावशाली राजनीतिक रणनीतिकार के जीवन और उनके समय पर आधारित सबसे बड़े टेलीविजन सीरियल 'चाणक्य' और बहुत से अवार्ड जीत चुकी फिल्म पिंजर का निर्देशन किया है।

# 1 अप्रैल से डीडी फ्री डिश पर नहीं दिखेंगे ये लोकप्रिय चैनल, सैटेलाइट प्रसारण उद्योग में बड़ी हलचल



प्रसार भारती के स्वामित्व के फ्री डायरेक्ट टू होम (डीटीएच) प्लेटफॉर्म से 1 अप्रैल, 2022 से चार बड़े प्रसारणकर्ता अपने सामान्य एंटरटेनमेंट चैनल (जीईसी) हटाने वाले हैं। डीडी फ्री डिश से हटाए जाने वाले चैनल स्टार उत्सव, जी अनमोल, कलर्स रिश्ते, और सोनी पल हैं। ये चैनल अब केवल केबल, टाटा प्ले व एयरटेल जैसे डीटीएच प्लेटफॉर्म्स पर ही उपलब्ध होंगे।

सैटेलाइट प्रसारण उद्योग के सूत्रों के मुताबिक प्रसारणकर्ताओं को डर है कि नया टैरिफ आदेश (एनटीओ) 2.0 लागू होने के बाद ग्राहक पे वितरण प्लेटफॉर्म से डीडी फ्री डिश की ओर पलायन करने लगेंगे। इसे देखते हुए प्रसारणकर्ताओं ने अपना औसत राजस्व प्रति यूज़र (एआरपीयू) बढ़ाने के लिए अपने इन लोकप्रिय चैनलों को डीडी फ्री डिश से हटा लिया है। सूत्रों का यह भी दावा है कि बड़े प्रसारणकर्ताओं का ये एक सोचा-समझा निर्णय है, जो आगे चलकर उनके लिए फायदेमंद होगा। प्रसारणकर्ता अपने सदस्यता राजस्व को सुरक्षित करना चाहते हैं और इसके लिए ये एक जरूरी कदम माना जा रहा है।

गौरतलब है कि केबल व डीटीएच प्लेटफॉर्म्स लगातार प्रसारणकर्ताओं से अपने सदस्यों को जीईसी की सामग्री मुफ्त में दिखाए जाने को लेकर लगातार शिकायत कर रहे थे। पे टीवी प्लेटफॉर्म इसे लेकर समानता चाहते थे क्योंकि ये चैनल डीडी फ्री डिश ग्राहकों से सदस्यता शुल्क नहीं लेते हैं। डीटीएच संचालकों का मानना रहा है कि ये चैनल प्लेटफॉर्म्स पर या तो पे या एफटीए होने चाहिए। इंडस्ट्री के जानकार ये भी कहते हैं कि पे प्लेटफॉर्म से डीडी फ्री डिश की ओर पलायन का पे टीवी प्रसारणकर्ताओं जैसे स्टार, जी, सोनी और वायकॉम18 पर गहरा असर होगा। एनटीओ 2.0 के चलते मूल्य फ्रीज हो जाने पर पे यूनिवर्स में कमी से प्रसारणकर्ताओं के सदस्यता राजस्व पर भी असर हुआ है।

# पूजा हेगड़े ने राधे श्याम टीम के लिए शेयर किया पोस्ट, बोलीं- मेरी ताकत बनने के लिए आप सभी का धन्यवाद

**पूजा हेगड़े और प्रभास स्टारर फिल्म राधे श्याम सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म लव स्टोरी पर बेस्ड है, इसमें पूजा डॉक्टर और प्रभास ज्योतिष का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के रिलीज होते ही पूजा ने राधे श्याम की टीम के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है।**

### सोशल मीडिया पर शेयर किया पोस्ट

पूजा ने लिखा, मेरी खूबसूरत टीम के लिए। हर रोज सेट पर अपनी पॉजिटिव एनर्जी के लिए आप सभी को धन्यवाद कहना चाहती हूं। इस चैलेंजिंग फिल्म में मुझे लगातार सपोर्ट करने के लिए भी



आप सभी का शुक्रिया। आप मेरी ताकत हैं, मेरी मेहनत के गवाह और मेरी हंसी का भी कारण रहे हैं। मेरा ख्याल रखने के लिए भी आपका बहुत धन्यवाद। रिलीज के बाद फिल्म का रिजल्ट कुछ भी हो लेकिन आपने मेरे और फिल्म के लिए जो कुछ भी किया है उसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं।

**पूजा हेगड़े का वर्कफ्रंटः**- पूजा हेगड़े ने 2012 को तमिल फिल्म 'मुगामोदी' से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 2016 में आई 'मोहनजोदाड़ो' से अपना बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके साथ ही उनकी अपकमिंग फिल्मों में 'बीस्ट', 'सर्कस', 'आचार्य' और 'कभी ईद कभी दिवाली' हैं।

# सुनहरी ड्रेस पहन इठलाती नजर आईं जान्हवी कपूर, कातिलाना अंदाज देख दीवाने हुए फैंस

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्रियों में से एक जान्हवी कपूर कम फिल्मों में ही नजर आई हैं। हालांकि कुछ फिल्मों में काम करने के बाद भी अभिनेत्री लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं। फिल्म धड़क से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वालीं जान्हवी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन फैंस के साथ अपनी बोल्ड और बिंदास तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वहीं, फैंस भी अभिनेत्री की इन तस्वीरों और वीडियोज पर जमकर प्यार लुटाते नजर आते हैं। इसी क्रम में अभिनेत्री ने हाल ही में अपना एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो के सामने आते ही इसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है।

अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने फोटोशूट का बीटीएस वीडियो शेयर किया है। वीडियो में अभिनेत्री कैमरे के लिए अलग-अलग तरह के पोज करती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का ग्लैमरस अंदाज देख फैंस दीवाने हुए जा रहे हैं। शेयर किए गए इस वीडियो में जान्हवी सुनहरे रंग की शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं।



सी- शेल्स से बनी इस शॉर्ट ड्रेस में जान्हवी बला की खूबसूरत लग रही हैं। अपनी इस स्टाइलिश ड्रेस के साथ अभिनेत्री ने मैचिंग के ईयररिंग्स भी पहन रखे हैं। इसके साथ ही लाइट मेकअप और खुले बालों में अभिनेत्री की खूबसूरती देख हर कोई अपना दिल हार बैठा है। बैकलेस ड्रेस में शेयर किए गए इस वीडियो को फैंस जमकर लाइक कर रहे हैं।

कुछ घंटों पहले ही पहले ही शेयर किए गए इस वीडियो को अब तक 5 लाख 69 हजार से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। वहीं अभिनेत्री के फैंस लगातार इस वीडियो पर कमेंट कर उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। जान्हवी के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए फैंस लगातार फायर और हार्ट इमोजी पोस्ट कर रहे हैं। इसके अलावा कई सोशल मीडिया यूजर्स जान्हवी के इस लुक की तारीफ करते नजर आ रहे हैं।

जान्हवी अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी हॉट फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में अपना 25वां जन्मदिन मनाया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो जान्हवी जल्द ही फिल्म गुड लक जेरी में नजर आने वाली हैं। सिद्धार्थ सिंह गुप्ता द्वारा निर्देशित यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसके अलावा जान्हवी करण जौहर की फिल्म दोस्ताना 2 में भी दिखाई देंगी।












# नए भारत की आवाज बनें, समाधान खोजें एवं नीति में योगदान करें-अनुराग ठाकुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली (पीआईबर)। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज नई दिल्ली में संसद के केंद्रीय कक्ष में, राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (एनवाईपीएफ) 2022 के तीसरे राष्ट्रीय चरण के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रमाणिक भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।




इस अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय में सचिव श्रीमती सुजाता चतुर्वेदी, राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी और मंत्रालय तथा संसद के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिरला 11 मार्च, 2022 को एनवाईपीएफ के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। शीर्ष तीन राष्ट्रीय विजेताओं को भी समापन समारोह के दौरान लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष बोलने का अवसर मिलेगा। अपने संबोधन के दौरान, अनुराग ठाकुर ने कहा, इस साल के राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का विषय नए भारत की आवाज बनें और समाधान खोजें एवं नीति में योगदान करें है। मैं आप सभी से ठोस कचरा प्रबंधन, भुखमरी को खत्म करने, लैंगिक समानता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, स्वच्छ पानी और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करता हूं। जैसा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, मैं आपसे यह भी आग्रह करता हूं कि अब तक हमने जो प्रगति की है, उस पर चर्चा करें और भारत को बदलने के लिए समाधानों की परिकल्पना करें, जब हम आजादी के ञ्च100 वर्ष मनाएं। स्वास्थ्य, खेल, मीडिया, परिवहन, बुनियादी ढांचे, विदेशी मामलों के क्षेत्र में युवा क्या कर सकते हैं जो एक बिलियन लोगों के जीवन को बदल दे? मानवता के भविष्य और जीवन की सुगमता में एक बिलियन लोग क्या योगदान दे सकते हैं? ठाकुर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय युवा संसद ने युवाओं में नेतृत्व के गुणों का निर्माण करने में मुख्य भूमिका निभाई है। ठाकुर ने आग्रह करते हुए कहा कि युवा इस अवसर का उपयोग स्वामी विवेकानंद की विचारधारा से प्रेरणा लेने के लिए करें।

आत्मनिर्भर भारत के बारे में ठाकुर ने कहा कि जब पूरी दुनिया महामारी के दौरान संघर्ष कर रही थी, भारत इस अवसर पर आगे बढ़ता रहा और हम सभी ने इस स्थिति से निपटने के लिए मिलकर काम किया। इससे हम दुनिया के सामने एक मिसाल कायम करते हैं कि सही विजन और नेतृत?व से हम सभी विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सकते हैं। युवाओं को भी इस गुण को आत्मसात करना चाहिए और देश को एकजुटता की भावना से आगे ले जाना चाहिए ताकि भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर हमारे देश में बदलाव हो सके। अनुराग ठाकुर ने दोहराते हुए कहा कि यह युवाओं की भावना और भागीदारी है जिसके माध्यम से एक देश की नींव रखी जाती है, यह युवा ही हैं जो देश और समाज को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकते हैं, युवा देश के वर्तमान के साथ-साथ अतीत और भविष्य के बीच का सेतु हैं।

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्किल इंडिया, खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसी योजनाओं को बढ़ावा दिया है, जिसने न केवल करोड़ों युवाओं को कौशल प्रदान किया है बल्कि एक मजबूत भारत की नींव भी रखी है। केंद्रीय मंत्री ने युवा संसद के विभिन्न चरणों में भाग लेने वाले युवाओं की भी सराहना की और राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2022 के तीसरे संस्करण के सभी फाइनलिस्ट को शुभकामनाएं दीं।

## खास खबर

### उड़नदस्ता दल ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2022 के अंतर्गत आज 10 मार्च 2022 को कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत जिले में गठित उडऩ्दस्ता दल ने परीक्षा केन्द्रों में का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय उडऩ्तदस्ता दल का गठन किया गया है। जिला स्तर पर गठित उडनदस्ता दल क्रमांक 3 के उप संचालक समाज कल्याण एवं प्रभारी अधिकारी बीएल ठाकुर अपने दल के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जंगलपुर, अर्जुनी, डोंगरगांव, मोहड़, खुर्सीटिकुल, आमगांव, कुमर्दा, चिरचारीकला, जोशीलश्रीमती, गैंदाटोला का निरीक्षण किया गया। जिला स्तरीय उडऩ्दस्ता दल क्रमांक 5 के प्रभारी अधिकारी उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. राजीव देवरस अपने दल के साथ राजनांदगांव विकासखंड के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। सहायक अधिकारी व्याख्याता वीरेन्द्र कुमार रंगारी ने बताया कि टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पेण्ड्री, भानपुरी, धनगांव, सुकुलदैहान, गुजराती स्कूल, बख्शी स्कूल, रॉयल किड्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया है।

### जिले की पांच स्वसहायता समूह कर रहे हर्बल गुलाल का निर्माण

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिले में होली पर्व के अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के पॉच स्वसहायता समूहों द्वारा हर्बल गुलाल का निर्माण किया जा रहा है। गुलाल बना रहे स्वसहायता समूह के सदस्यों को हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण वन विभाग की आदिवासी स्वसहायता समूह ग्राम मंगचुवा की सदस्य श्रीमती रामेश्वरी एवं श्रीमती सतरूपा द्वारा दिया गया। जिसमें वनस्पतियों यथा-नीम, पालक एवं फूल यथा-गेंदा, कनेर पलाश एवं चुकन्दर जैसे फ्लों के रसों का प्रयोग कर यह हर्बल गुलाल तैयार किया गया। इसमें पलाश के फूल से पीला, पालक से हरा, चुकन्दर से गुलाबी एवं अमारी जीर्रा से लाल रंग का गुलाल तैयार किया जाता है। हर्बल गुलाल के प्रयोग से त्वचा की सुरक्षा एवं पर्यावरण में होने वाले वायु, पानी के प्रदूषण को कम करने एवं साथ ही साथ स्वसहायता समूहों की ग्रामीण महिलाओं के स्वरोजगार को बढ़ाने हेतु जिला प्रशासन बालोद द्वारा हर्बल गुलाल के निर्माण एवं इसके उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका वास्तव ने बताया कि विगत वर्ष आदिवासी स्वसहायता समूह मंगचुवा सहित जिले के छह स्वसहायता समूह द्वारा आठ लाख रूपए के गुलाल का विक्रय किया गया था।

आजीविका केन्द्र बन रहे है जिले बोडतरा खुर्द के गौठान

# जैविक खाद बनाने के साथ-साथ सब्जी की खेती भी कर रही है महिलाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। कबीरधाम जिले के बोडतरा खुर्द के गौठान के माध्यम से एक ओर गाय तथा अन्य मवेशियों की बेहतर सरंक्षण और संवर्धन की दिशा में आगे बढ़ रही है, वही दूसरी ओर गौठान में काम करने वाली महिला समूह भी अपनी कठिन परिश्रम और योजनाओं का लाभ से आमदनी का जरिया बना रही है। इस गौठान में गौ माता महिला अभिरूचि महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं काम कर रही है।



समूह की महिलाएं यहां गोबर खरीदी कर जैविक खाद बना रही है साथ ही इस गौठान के खाली भूखण्ड में अपनी आय और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए सब्जी की खेती कर रही है। अब तक यहां 1857 क्विंटल गोबर की खरीदी कर चुके है। इससे समूह ने 656 क्विंटल जैविक खाद बना चुके है और पूरे किसानों को निर्धारित मूल्य में बेच भी लिए है। समूह को अब तक 2 लाख 57 हजार 152 रूपए की आमदनी भी कर ली है। महिला समूह की मांग पर उन्हे उच्च गुणवत्ता पूर्ण जैविक खाद बनाने के लिए खाद चालने की मशीन भी दी जाएगी। समूह की अध्यक्ष श्रीमती चमेली कुर्रे और सचिव मंजू निर्मलकर ने बताया कि राज्य सरकार की गौधन न्याय योजना से उन्हे पूरा लाभ मिल रहा है। पहले समूह की सभी महिलाएं को पास कोई काम नहीं था। गौठान बनने के बाद उन्हे रोजगार मिल रहा है। उन्हे शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है और समय-समय पर कृषि एवं जिला व जनपद पंचायत के माध्यम से प्रशिक्षण भी मिल रहे है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल के साथ आज जिले के पंडरिया जनपद पंचायत के ग्राम रैतापार, अंधियार खोर और बोड़तरा खुर्द के संचालित आजीविका के केन्द्र गौठान का निरीक्षण किया। उन्होने इस गौठान में गोबर खरीदी और जैविक खाद निर्माण तथा उसकी विक्रय की पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि गौधन न्याय योजना के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को नए आयाम देने और रोजगार के नए-नए अवसर देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान ग्राम रैतापार की गौठान समूह मां बम्बलेश्वरी समूह की अध्यक्ष श्रीमती गोदावरी यादव, सचिव जलेश्वरी लांझी ने बताया कि गौधन न्याय योजना से उन्हे रोजगार मिल रहा है। अब तक 286 क्विंटल जैविक खाद की बिक्री कर चुकी है,जिससे समूह को एक लाख 12 हजार रूपए की आमदनी हुई है। समूह ने गौठान के खाली भूखण्ड में आजीविका के नए अवसर के लिए सब्जी की खेती और मुर्गीपालन करने की इच्छा जताई है। इसी तरह अंधियरखोर के गौठान की महिला समूह मां सरस्वती महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती चन्द्रवंशी और सचिव ने बताया कि अब तक यहां गोबर खरीदी कर 493 क्विंटल जैविक खाद बना कर बेच भी लिए है। इससे समूह को 1 लाख 4 हजार 91 रूप्ए की आमदनी हुई है। यहा की समूह ने मुर्गीपालन तथा सब्जी-भांजी की खेती करने की इच्छा जताई है। कलेक्टर ने जिला जिला पंचायत सीईओ को जिले के सभी गौठान में काम करने वाले समूह को और सशक्त बनाने और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने के लिए कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी गोठानों में उच्च गुणवत्ता के साथ जैविक खाद बनाने के लिए खाद छन्नी प्रदाय करने के निर्देश दिए है।

# रक्षा सचिव ने अस्पष्ट वातावरण से निपटने के लिए नवाचारी तरीकों का किया आह्वान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली ( पीआईबी )।** सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाओं (एएफएमएस) तथा अमरीका भारत-प्रशांत कमान (यूएसआईएनडीओपीएसीओएम) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित चार दिवसीय भारत-प्रशांत सैन्य स्वास्थ्य आदान-प्रदान (आईपी एमएचई-2021-22) सम्मेलन 10 मार्च 2022 को संपन्न हो गया। रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए एएफएमएस तथा यूएसआईएन डीओपीएसीओएम को वर्चुअल मोड की सीमाओं के बावजूद सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए बधाई दी और कहा कि सर्वाधिक संकट के समय में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में सैन्य चिकित्सकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।



सम्मेलन का विषय था 'अस्थिर, अनिश्चित, जटिल तथा अस्पष्ट-(वीयूसीए) वातावरण में स्वास्थ्य सेवा'। सैन्य स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए सम्मेलन का उद्घाटन 7 मार्च 2022 को वर्चुअल रूप में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया गया था। चार दिनों के इस सम्मेलन में प्रतिनिधियों ने अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, जिसमें सामरिक/संघर्ष चिकित्सा सेवा, उष्णकटिबंधीय चिकित्सा, फील्ड सर्जरी, फील्ड एनेस्थीशिया, विमानन तथा समुद्री चिकित्सा आपात जैसे विषय शामिल थे। सम्मेलन में 38 से अधिक देशों के 600 से अधिक भारतीय तथा विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

निरंतर अनुसंधान और प्रशिक्षण से सभी क्षेत्रों में अद्यतन जानकारी से लैस रहने की आवश्यकता पर बल देते हुए रक्षा सचिव ने अस्थिर, अनिश्चित, जटिल और अस्पष्ट विश्व वातारवरण में सामरिक तथा संघर्ष चिकित्सा सेवा, वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा, कोविड-19 की चुनौतियों, सैन्य आपदा ड्रील तथा अनुसंधान एवं नवाचार जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के लिए आईपीएमएचई की प्रशंसा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सम्मेलन के दौरान प्राप्त ज्ञान से सभी हितधारकों को अपनी योजनाएं बेहतर तरीके से बनाने में मदद मिलेगी और ऐसे माहौल में नवाचारी तरीके सामने आएंगे। डॉ. अजय कुमार ने आईपीएमएचई को उसके लक्ष्य हासिल करने में भारत के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने साझा और सार्थक अध्ययन के लिए वैश्विक मंच प्रदान करने तथा समकालीन रियल टाइम और सैन्य चिकित्सा, मानवीय सहायता तथा आपदा राहत से संबंधित प्रासंगिक विषयों पर विचार करने के लिए सम्मेलन की सराहना की। डॉ. अजय कुमार ने कहा कि सैन्य डॉक्टरों द्वारा संघर्ष के समय आपात स्थिति का किए गए मूल्यांकन और उससे निपटने के उपाय का प्रभाव न केवल व्यक्ति पर पड़ता है बल्कि यूनिट की टुकड़ियों के मनोबल और देश के मनोबल पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा सेना का महत्वपूर्ण सहयोगी अंग है जो शांति और युद्ध के दौरान शानदार सेवा प्रदान करती है। उनके परिवारों को रोकथाम, उपचारात्मक तथा पुनर्वासित चिकित्सा सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# कस्टम मिलिंग में तेजी : 91.81 लाख मीटरिक टन धान का हुआ उठाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव जारी है। राज्य में 9 मार्च तक 91.81 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। छत्तीसगढ़ द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 27.71 लाख मीटरिक टन चावल जमा कराया जा चुका है। इनमें भारतीय खाद्य निगम में 15.12 लाख मीटरिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 12.59 लाख मीटरिक टन चावल शामिल है।



खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है। अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 91.81 लाख मीटरिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। वर्मा ने बताया कि 71 लाख 71 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 69 लाख 24 हजार मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 23 लाख 37 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख 57 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग भी युद्ध स्तर पर जारी है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरा चावल जमा कराया जाना है।

# कोविड से माता-पिता को खो चुके 17 बच्चों को कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने लिया गोद

**कलेक्टर भीम सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने लिया एक-एक बच्चे को गोद, देंगे आर्थिक सहयोग, बच्चों को मिलेंगे एक-एक लाख रुपये भी**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर जिला प्रशासन ने एक संवेदनशील पहल की है। रायगढ़ जिले के 17 ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता की मृत्यु कोविड से हो गयी, उनके देख रेख में सहयोग प्रदान करने के लिए कलेक्टर श्री भीम सिंह के साथ सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल व अन्य जिला अधिकारियों ने गोद लिया है।

वे इन बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रतिवर्ष 10 हजार का आर्थिक सहयोग देंगे। साथ ही बच्चों के देख रेख, इलाज व अन्य आवश्यकताओं में भी मदद करेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने इसके साथ ही इन बच्चों को रेडक्रॉस की ओर से 1-1 लाख रुपये देने की घोषणा की। जिससे उनके परिजनों और रिश्तेदारों को बच्चों के पालन-पोषण में सहायता मिले। कलेक्टर श्री सिंह व अन्य अधिकारियों ने आज इन बच्चों से सृजन सभा कक्ष में मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी बच्चों एवं उनके परिजनों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया यह अत्यंत दुखद है और इसकी भरपायी कर पाना इस जीवन काल में मुश्किल है। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को पीएम केयर्स योजना से 23 साल के उम्र में उन्हें 10-10 लाख रुपये मिलेगा। साथ ही राज्य शासन के निर्देशानुसार कोविड से मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपये अनुग्रह सहायता अनुदान राशि दी जा रही है एवं महतारी दुलार योजना के तहत कक्षा 12 वीं तक उन्हें उनकी पढ़ाई-लिखाई के लिए स्कूल में किसी भी तरह की फीस नहीं देना पड़ेगा एवं किताबें व ड्रेस भी मुहैय्या कराया जाएगा। साथ ही उन्हें अब एक-एक लाख रुपये रेडक्रास के माध्यम से दिया जाएगा। इसी के साथ रायगढ़ जिले के अधिकारी उनमें से एक-एक बच्चे को गोद भी लेंगे और 10 हजार रुपये की राशि का सहयोग बच्चों को देंगे। साथ ही अधिकारी उन बच्चों के लगातार संपर्क में रहेंगे एवं उनके इलाज व अन्य बुनियादी सुविधाओं व देखभाल में भी बच्चों की मदद करेंगे। इस दौरान उन्होंने खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी बच्चों का राशन कार्ड में नाम जोड़े एवं उन्हें प्राथमिकता से प्रतिमाह राशन दिलाए। कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों से रूबरू होते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई के संबंध में उनसे जानकारी ली।

कुछ बच्चों ने बताया कि उनके स्कूल फीस माफ नहीं हो पायी है, जिसकी वजह से उनको पढ़ाई में दिक्कते जा रही है। कलेक्टर सिंह ने इस बात पर तुरंत कार्यवाही करते हुए शिक्षा विभाग को उनके स्कूल में फीस माफ कराने एवं उनके लिए स्कूल ड्रेस सहित कापी-पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल, जिला खाद्य अधिकारी जी.पी.राठिया, महिला एवं बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।





















## खास-खबर




### फैक्ट्री मैनेजर ने मालिक को सात लाख की लगाई चपत, स्क्रैप बेचकर फरार

**रायपुर (ए)।** फैक्ट्री मैनेजर ने अपने ही मालिक को सात लाख की चपत लगा दी। लोहा बेचने से जो पैसा मिला उसे फैक्ट्री में जमा करने बजाय खुद लेकर फरार हो गया। मैनेजर प्रयागराज को रहने वाला है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। सूर्या इस्पात के अंश राजदेव ने उरला थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि उनकी फैक्ट्री उरला में है। प्रयागराज का रहने वाला अभिजीत मिश्रा सेल्स मैनेजर का काम करता था।

अंश तबीयत खराब होने की वजह से वो कुछ दिन तक फैक्ट्री नहीं गए थे। इस दौरान अभिजीत ने फैक्ट्री में रखा सात लाख का स्क्रैप वायर बेच दिया। पैसे मिलने के बाद वह फैक्ट्री आना बंद कर दिया और उसका मोबाइल नंबर भी बंद है। वो जहां रहता था वहां भी जाकर पूछताछ की तो पता चला कि वो कई दिनों से घर भी नहीं आ रहे हैं। कई दिनों से संपर्क नहीं होने के बाद उसके खिलाफ उरला थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

### राजधानी में ठेकेदार के घर चोरी गहने और 32 हजार नकदी लेकर फरार

**रायपुर।** राजधानी में सूने मकान को चोरों ने एक बार फिर अपना निशाना बनाया है। लेवर सप्लाई का काम करने वाले ठेकेदार के घर चोरी हुई। चोर सूने मकान से गहने और 32 हजार रुपये नकदी ले गए। जनता कालोनी गुढ़ियारी के रहने वाले विनोद कुमार सिंह शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चार मार्च को रायबरेली गए थे। इस दौरान उन्होंने पड़ोसी को घर का ख्याल रखने के लिए था। पांच मार्च को उनके पड़ोसी संदीप ने उनके घर का ताला टूटा होने की जानकारी दी। आठ मार्च को अपने घर वापस लौटे तो उनके घर का सामान बिखरा था। आलमारी का लाक टूटा था। गहनों के डिब्बे में जेवर नहीं थे। लाकर में रखे 32 हजार रुपये गायब था। गहने और कैश मिलाकर करीब 50 हजार की चोरी को अज्ञात चोरों ने की। पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है।

### चेहरे पर स्प्रे छिड़ककर लूटपाट, दो आरोपित गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** चेहरे पर स्प्रे छिड़कर लूट की घटना को अंजाम देने के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों रायपुर जिले के अलग-अलग थानों में अब तक तीन घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। लुटरे सुनसान जगह में लोगों को अपना शिकार बनाते थे। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तीन दो लाख 56 हजार रुपये का सामान जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपित बेंद्री रायपुर निवासी चंद्रप्रकाश उर्फ चुटाली उर्फ छोटू (19) और कयाबांधा मंदिर हसौद निवासी भूपेंद्र धीवर (23) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने कबूल किया है कि वह अपना अगला शिकार बैंक से रुपये लेकर बाहर निकलने वाले व्यक्तियों को बनाने की योजना बना रहे थे। इसके लिए दोनों बैंकों के बाहर व आसपास रेकी कर रहे थे।

## धोखाधड़ी में महिला बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

# दो साल पहले 5 किसानों के खाते से निकले थे 8 लाख रुपए

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर के जिला सहकारी बैंक से पांच किसानों के खातों से रुपए पार करने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को एक महिलाकर्मी को गिरफ्तार किया है। दो साल पुरानी इस घटना में अन्य बैंककर्मियों की मिलीभगत की आशंका है। पुलिस महिलाकर्मी से कम्प्यूटर वगैरह जब्त कर उससे पूछताछ कर रही है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के अनुसार दो साल पहले कोरोना काल के बीच लॉकडाउन के समय सकरी के पांच किसानों के खातों से लाखों रुपए निकाल लिया गया था। इन किसानों का खाता जिला सहकारी बैंक में है। बैंक ने उन्हें एटीएम जारी किया लेकिन, मिला ही नहीं और न ही उन्होंने बैंक से रकम निकाली है। फिर भी उनके खाते से रकम निकल गई। किसानों ने इस मामले की शिकायत जिला सहकारी बैंक के सीईओ से की थी। तब से मामले की जांच चल रही है। इस दौरान पुलिस तक मामला पहुंचा, लेकिन दो साल तक मामले को दबाए बैठी रही।

### 8 कर्मचारी हुए थे निलंबित

जिला सहकारी बैंक में हुई इस गड़बड़ी की शिकायत की जांच की गई। प्रारंभिक जांच में अफसरों ने जिन कर्मचारियों को जवाबदारी दी थी। उन सभी आठ कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। बाद में कई निलंबित कर्मचारियों ने अपने आप को निर्दोष बताया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उनका कहना था कि उनसे किसानों के खातों में रकम वापस करने के लिए दबाव बनाया गया। जबकि, उन्होंने गड़बड़ी ही नहीं की थी। उनका यह भी कहना था कि जिन कर्मचारियों ने रकम निकाला है और गड़बड़ी की है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए और उनसे रकम की वसूली की जाए।

### गुरुवार को बैंक पहुंची पुलिस

गुरुवार को महिला कर्मी हर्षिता पटेल को पकड़ने के लिए पुलिस जिला सहकारी बैंक गई थी। लेकिन, जब वह बैंक में नहीं मिली, तब पुलिस ने उसके घर में दबिश दी। महिला को पकड़कर पुलिस बैंक लेकर आई और पूछताछ कर उसके बताए अनुसार कम्प्यूटर और दस्तावेजों को किया। टीआई जेपी गुप्ता ने बताया कि जांच में महिला कर्मी हर्षिता पटेल की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इसके साथ ही सहयोगी कर्मचारी पल्लव चक्रवर्ती भी इसमें शामिल है। मामले की जांच की जा रही है।

# बिलासपुर में महिला पंच ने फांसी लगाई: बच्चे सोकर उठे तो पंखे से लटकी मिली मां, प्रेम प्रसंग में खुदकुशी की आशंका

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में महिला पंच ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर में ही पंखे से लटका हुआ मिला। गुरुवार सुबह जब बच्चे सोकर उठे तो घटना का पता चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। महिला के पति ने चार साल पहले उसे छोड़ दिया था। इसके बाद महिला का दूसरे युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अब युवक का रिश्ता कहीं और तय हो गया है। ऐसे में आशंका है कि इसी के चलते महिला पंच ने खुदकुशी की है। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार ग्राम रहंगी निवासी लक्ष्मी कुशवाहा (35) गांव में वार्ड क्रमांक 12 की पंच थी। वह अपने तीन बच्चों 14 साल, 10 साल और 7 साल के साथ गांव में अकेली रहती थी। करीब चार साल पहले उसका पति छोड़कर कोरबा चला गया था। वह पत्नी और बच्चों से मिलने भी नहीं आता था। इसी बीच महिला का प्रेम प्रसंग गांव के ही एक युवक से हो गया। कुछ दिन पहले ही लक्ष्मी को युवक ने बताया कि उसकी शादी किसी अन्य लड़की से होने वाली है।




### पुलिस ने जब्त किया महिला का मोबाइल

जांच के दौरान पुलिस को महिला का मोबाइल मिला है। महिला की आत्महत्या की वजह जानने के लिए पुलिस ने उसके मोबाइल को जब्त कर लिया है। हालांकि, पुलिस को शक है कि प्रेमी युवक के दूसरी जगह शादी तय करने के चलते ही महिला ने आत्महत्या की होगी। युवक पर लक्ष्मी शादी नहीं करने के लिए दबाव बना रही थी। मां की मौत के बाद तीनों बच्चे नानी के पास हैं।

# इलेक्ट्रिक वाहन की एजेंसी देने का झांसा देकर 10 लाख की धोखाधड़ी

**बिलासपुर (ए)।** रतनपुर के व्यवसायी को इलेक्ट्रिक वाहनों की एजेंसी देने का झांसा देकर 10 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपित ने र्स्पये वापस करने दो बार नोएडा स्थित अपने ऑफिस भी बुलाया। इसके बाद भी रुपये नहीं दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। रतनपुर के महामायापारा में रहने वाले बी. लेनिन कुमार(37) मोटरसाइकिल की एजेंसी चलाते हैं। वे इलेक्ट्रिक वाहन की एजेंसी लेना चाहते थे। उन्होंने अपने दोस्त संजय कौशिक के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचने वाली कंपनी एसकेए का इंटरनेट से मोबाइल नंबर निकाला।

इसके माध्यम से उनकी कंपनी के डायरेक्टर अंशुमन पांडेय व कुसुम मिश्रा से बात हुई। दोनों ने बताया कि वे आर्डर पर इलेक्ट्रानिक स्कूटर की डिलिवरी करते हैं। उन्होंने कंपनी को 10 लाख 84 हजार 287 रुपये का आर्डर दिया। इससे उन्हें 20 वाहन डिलिवरी करती थी। सौदे के अनुसार व्यवसायी ने कंपनी के एकाउंट में तीन लाख 50 हजार रुपये जमा कर दिए। वाहन 20 सितंबर को मिलने थे। वाहन नहीं मिलने पर उन्होंने अंशुमन से मोबाइल पर बात की। इस पर उन्होंने नवरात्र के पहले वाहन भेज देने का आश्वासन दिया।

नवरात्र तक वाहन नहीं मिलने पर उन्होंने अंशुमन को मोबाइल पर फोन लगाया। इस पर वह और कंपनी के सुरेश बहानेबाजी करने लगे। बाद में अंशुमन ने मेडिकल इमरजेंसी की बात कहते हुए सात लाख 34 हजार 287 रुपये और मांग लिए। उस पर भरोसा कर व्यवसायी ने रुपये दे दिए। इसके बाद भी रुपये नहीं मिलने पर व्यवसायी अपने मित्र के साथ अंशुमन से मिलने दिल्ली पहुंचे। वहां कंपनी के पते पर कोई ऑफिस नहीं था। आसपास जानकारी लेने पर उन्हें पता चला कि अंशुमन ने अपने साथियों के साथ मिलकर नोएडा में काया इलेक्ट्रिक व्हीकल के नाम से नया ऑफिस खोल लिया है। वो नोएडा में खोजते हुए काया इलेक्ट्रिक व्हीकल के ऑफिस पहुंचे। वहां पर अंशुमन ने व्यवसायी को 23 नवंबर को पूरे रुपये वापस करने की बात कही। इस पर व्यवसायी उनके पास पहुंचे। दिनभर ऑफिस में बिठाए रखने के बाद भी रुपये नहीं मिलने पर वे लौट आए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर इसकी जांच कर रही है।

## प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान

# दमकल की 5 गाड़ियों ने 3 घंटे की मशक्कत के बाद पाया आग में काबू



**भिलाई (ए)।** दुर्ग जिले में एक ही दिन में चार अलग-अलग जगहों पर आग लगने की घटनाएं घटी। देर रात से सुबह तक एफसीआई गोदाम, पालिका अध्यक्ष की कार और दुकान में आग लगने के बाद शाम को प्लाईवुड फैक्ट्री में आग लग गई। यह आग इतनी भीषण थी कि इसे बुझाने के लिए पांच फायर ब्रिगेड वाहनों को बुलाना पड़ा। इस आग से कई लाख का नुकसान हो गया है।

जेवरा-सिरसा चौकी प्रभारी सीताराम ध्रुव ने बताया कि चौकी क्षेत्र में प्लाईवुड की एक फैक्ट्री में आग लग गई। दोपहर में फैक्ट्री से धुंआ निकलता दिखा। वहां काम कर रहे लोगों ने जब तक आग को देखा तक तक आग भड़क चुकी थी। जानकारी होने पर तुरंत फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम को फोन किया गया। मौके पर पहुंची पांच फायर ब्रिगेड की टीमों ने लगभग 3-4 घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री में आग कैसे लगी इसका कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आग की वजह से लाखों रुपयों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### प्लाईवुड के मटेरियल में तेजी से भड़की आग

यह फैक्ट्री आकाश गोयल की है। उन्होंने बताया कि दोपहर 3 बजे के करीब फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को इसकी सूचना दी। फायर बिग्रेड की एक-एक कर पांच गाड़ियां फैक्ट्री पहुंची। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से प्लाईवुड फैक्ट्री में आग लगी है। फैक्ट्री में प्लाईवुड बनाने का सामान पड़ा होने से आग तेजी से भड़की और देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री आग की लपटों में घिर गई। आग की लपटें देखकर मजदूर वहां से भागे। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# सिम्स एमआरडी में मरीज के स्वजन आपस में भिड़े, हंगामा

**बिलासपुर (ए)।** सिम्स के एमआरडी में मरीज के लिए पर्ची कटवाने के दौरान स्वजन ही आपस में भीड़ गए। धक्कामुक्की का आरोप लगाते हुए हाथापाई पर उतर आए। इससे कुछ देर तक हंगामा होता रहा। ऐसे में सिम्स चौकी पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को स्थिति को संभालना पड़ा। बुधवार की सुबह 11 बजे के आसपास पर्ची कटवाने के लिए एमआरडी में काफी लंबी लाइन लगी रही। लोगों को पर्ची कटवाने के लिए धक्कामुक्की के बीच जद्दोजहद करनी पड़ रही थी। ऐसे मरीज के स्वजनों में जल्दी पर्ची कटवाने की होड़ लगी हुई थी। इसी बीच लाइन में धक्की मुक्की होने से लाइन में खड़े दो लोगों में विवाद होने लगा।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**अधिसूचना**

**संख्या:M/R/Tender/SBF/PPYD/Staff Canteen/22-24/TN, Date: 07.03.2022.**
सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल, यांत्रिक अभियंता के अंतर्गत, आर.ओ.एच. डिपो, पीपीयार्ड भिलाई स्थित कर्मचारी कैंटिन के लिए निर्धारित नियमों/शर्तों के तहत चाय, नास्ता एवं भोजन कैंटिन हेतु दो वर्षों की अवधि के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं कैंटिन संचालन के नियम दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, **वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/पीपीयार्ड/भिलाई** कार्यालय से निम्नानुसार प्राप्त/जमा किया जा सकता है। **1.** आवेदन पत्र **दिनांक 10.03.2022 से 04.04.2022 तक (कार्य दिवस) 10.00 बजे से 17.00 बजे तक एवं दिनांक 05.04.2022 को 15.30 बजे तक वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/पीपीयार्ड/भिलाई** से प्राप्त किया जा सकता है। **2.**यह आवेदन पत्र ₹ 500/- का डी.डी. **कर्मचारी लाभ निधि समिति रायपुर** के नाम का प्रस्तुत कर **वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/पीपीयार्ड/भिलाई** कार्यालय से ही प्राप्त किया जा सकता है। **3.** आवेदन पत्र **दिनांक 24.03.2022 से 05.04.2022 तक (कार्य दिवस) एवं दिनांक 06.04.2022 को 15.00 बजे तक वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/पीपीयार्ड/भिलाई** कार्यालय में रखे बाक्स में जमा किया जा सकता है। **4. दिनांक 06.04.2022 को 15.00 बजे** के बाद आए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। **5. दिनांक 06.04.2022 को 15.30 बजे** निविदा खोली जाएगी।

*पीआर/आर/सीनि.डीएमई/आईपी/169* — ***मंडल यांत्रिक अभियंता/रायपुर***

f South East Central Railway — @secrail



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-1146/NIT-37/ 2021-2022/ व ले लि — दिनांक 08.03.2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 16.03.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 22.03.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 23.03.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे से

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम / No of Calls | कार्य का अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 37 T0316 | गुंजेरा नगधा परसदा गिधवा मार्ग के किमी 1 से 8/2= 7.20 किमी में WMM एवं पैच रिपेयर का कार्य | 19.97 15000.00 0.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अतंर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-68572/4

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग,
बेमेतरा



आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### पुरानी पेंशन बहाल करने की घोषणा से निगम परिसर में होली जैसा माहौल

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम द्वारा आज कार्यक्रम आयोजित किया गया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में पुरानी पेंशन बहाली योजना की घोषणा हुई,नगर पालिक निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों में उल्लास और उत्सव सा माहौल बन गया। निगम परिसर में जैसे ही अधिकारी कर्मचारियों ने यह न्यूज सुना सभी ने खुशी जताई और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के इस निर्णय के प्रति आभार जताया। आज महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त हरेश मंडावी से भी मुलाकात कर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के इस निर्णय के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कल पूरे प्रदेश के लिए बहुत ही खुशी का दिन था, राज्य सरकार की सौगात से ढाई लाख कर्मचारी से ज्यादा और उनके परिवार की चहेरे बढ़ी रौनक-आयुक्त हरेश मंडावी ने अधिकारी व कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाए देते हुए कहा हम सबकी बरसो पुरानी मांगे एक झटके में मुख्यमंत्री ने पूरा किया,एक नई खुशी है इससे हमारे परिवार को एक नई दिशा में ले जाएगी,इस योजना के बारे में विस्तार से उन्होंने बताया।सभापति राजेश यादव ने कहा पुरानी पेंशन योजना की सौगत से कल से पूरे प्रदेश में पूरे अधिकारी व कर्मचारी उत्साह मना रहे।नगर पालिक निगम परिसर में सरकार के इस निर्णय से होली जैसा उत्साह बन गया।

### पेंशन बहाली की घोषणा से शिक्षा स्तर उठेगा ऊपर, शिक्षकों के संशय करने होंगे दूर

**दुर्ग।** हालांकि बजट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा कर दी है, पर शिक्षक समुदाय इसकी रूपरेखा व नियम शर्तों को लेकर पूर्णतया मुतमईन नही है। पूर्ण पेंशन के लिये 33 सालो की नौकरी जैसे मसले शिक्षकों को असमंजस में डाल रहा है। शिक्षकों की नौकरी की अवधि संविलियन तिथि से मानी जायेगी या प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना होगी, इस बात पर पेंच फंसी हुई है। इसके बावजूद राज्य के पौने दो लाख शिक्षको में सरकार की निर्णय से भारी प्रफुल्लता है। शिक्षकों का कहना है कि कम से कम जीवन का उत्तरार्ध सम्मानजनक ढंग से गुजर जाएगा। पुरानी पेंशन बहाली का निर्णय ऐतिहासिक है। सरकार ने साबित कर दिया है कि वह सरकारी कर्मचारियों का शुभचिंतक है। 2004 के बाद से नियुक्त शिक्षक वैसे भी 2030 के बाद ही सेवानिवृत्त होंगे। इसके बावजूद 10 फीसदी के आसपास शिक्षक आगामी पांच दस सालों में सेवानिवृत्त के कगार पर पहुंच जाएंगे। इनके पेंशन के लिए सरकार क्या नीति बनाती है यह देखने वाली बात होगी। शिक्षकों का कहना है कि पेंशन का पूरा नही तो थोड़ा लाभ तो मिलेगा ही, वह भी राहत की बात है। जब से पुराना पेंशन योजना बंद किया गया था तब से अपने भविष्य को लेकर कर्मचारी चिंतित थे।

### बजट से बढ़ेगी आत्मनिर्भरता - प्रकाश सांखला

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला और उद्योग चेम्बर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौबे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पेश किए गए बजट को आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाला बजट बताया है। उन्होने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों को रूरल इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के रूप में विकसित करने व्यापारियों की पुरानी मांग थी। चाहे होली हो या दिवाली या अन्य त्यौहारी सीजन में चाइना से आयात होने वाले सामानों के बजाय गांवों में ऐसे कॉरीडोर विकसित किए जाएं जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बना सके। इस दिशा में सरकार ने बजट में बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी इंडस्ट्रियल पार्क से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। कार्यकारी अध्यक्ष चौबे ने राज्य बजट को संतुलित बताते हुए कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुए सूक्ष्म-आर्थिक स्तर पर सभी समावेशी कल्याण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए बजट को लाया गया है।

---

रिसाली की 300 महिलाओं का हुआ सम्मान

# महिलाओं को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना आवश्यक : शालनी यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। हर घर को संवारने में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। मै चाहती हूँ कि हमारे जिले व प्रदेश के प्रत्येक महिला आत्मनिर्भर हो। तभी शसक्तिकरण की बात सार्थक होगी। उक्त बातें जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष शालनी यादव ने कही। वे महिला दिवस के उपलक्ष्य में रिसाली निगम कार्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।**




समारोह की अध्यक्ष रिसाली निगम की महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि शासन की बहोत सी ऐसी योजनाएं है जिससे न केवल आर्थिक स्थिति सुधारी जा सकती है, बल्कि महिलाएं अपने पैरों में खड़ी हो सकती है। कई महिलाएं तो लाभ ले रही है लेकिन कई योजनाओं के बारे में जानती तक नहीं है। मेरे हिसाब से जागरूकता का अभाव है। मै यहां उपस्थित महिलाओं से आव्हान करती हूं कि वे अपने अधिकारों के बारे में जाने। जागरूक बने। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित सभापति जिला पंचायत योगिता चंद्राकर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत झमित गायकवाड़, कांग्रेस नेत्री सरिता-जितेन्द्र साहू, सुभद्रा सिंह, रामकली यादव, रिसाली निगम सभापति केशव बंछोर, आयुक्त आशीष देवांगन ने भी संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत महिला एवं बाल विकास प्रभारी ईश्वरी साहू व एमआईसी सद्स्य सोनिया देवांगन ने किया। इस अवसर पर निगम के एमआईसी सद्स्य विलास राव बोरकर, सनीर साहू, चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनूप डे, परमेश्वर कुमार व पार्षदगण उपस्थित थे।

#### 300 महिलाओं का सम्मान

निगम कार्यालय में हुए सम्मान समारोह में रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र की लगभग 300 महिलाओं का सम्मान किया गया। सम्मानित महिलाएं समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा व खेल से जुड़ी हुई है। सम्मान के रूप में प्रमाण पत्र व श्रीफल दिया गया।

सम्मान समारोह में आत्मनिर्भर होकर उदाहरण बनी महिलाओं को भी प्रमाण पत्र दिया गया। सम्मान समारोह का संचालन पार्षद डॉ. सीमा साहू ने की व आभार प्रदर्शन एमआईसी सद्स्य ईश्वरी साहू ने की।

#### मनोरंजन के साथ दी जानकारी

कार्यक्रम की शुरूआत राजगीत से हुआ। महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। हर घर में नारी के महत्व को समझाते संगीतमय नाटक सरिता साहू व उनके साथी महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा एकल गीत, नाटक, फैंसी डेऊस, सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, छत्तीसगढ़ी रिमिक्स पर महिलाओं ने प्रस्तुती दी।

#### दिखाया हुनर

महिलाओं ने स्वनिर्मित सामानों का स्टॉल लगाया था। साथ ही बिक्री के लिए सामानों को रखा था। वहीं ललिता सिंह ने जूट से बने सामान, इन्द्रकला व मिथलेश ने मसाला व भात बड़ी, मां भवानी समूह ने गुपचुप, सृष्टि समूह ने नास्ता, वार्ड 19 व 20 की महिलाओं ने अंकुरित दाने, बंसती साहू ने नमकीन व चित्रकला और रिद्धि सिद्धि एवं दिव्या स्वसहायता समूह ने भी सजावटी सामानों का स्टॉल लगाया था।

---

## राष्ट्रवाद और हिंदुत्व की जीत, यूपी में भाजपा की जीत से बहेगी विकास की गंगा: दया सिंह



**- भाजपा पार्षद दया सिंह भी पहुंचे थे उत्तरप्रदेश**

**- पिछले दिनों यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर लिया था आशीर्वाद**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** ये जीत राष्ट्रवाद और हिंदुत्व की है। ये जीत विकास की है। ये जीत यूपी की सच्ची जनता की है।

ये जीत यूपी की जनता की है। भाजपा पार्षद दया सिंह ने यूपी समेत चार राज्यों में मिली भाजपा की जीत के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है। आपको बता दें कि दया सिंह पिछले दिनों उत्तरप्रदेश पहुंचे थे। जहां उन्होंने भाजपा के पक्ष में प्रचार किया था। उनके साथ दया सिंह के समर्थक भी पहुंचे थे। दया सिंह ने कहा कि, उत्तरप्रदेश, मणिपुर, गोवा और उत्तराखंड में भाजपा की जीत से ये सुनिश्चित हो गया कि लोग राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के साथ है। लोगों ने विकास पर भरोसा जताया है। देश में मोदी जी के करिश्माई जादू से भाजपा चुनाव जीती है। मोदी और योगी विकास पुरुष है। लोगों ने उनके विजन और सोच पर भरोसा जताते हुए पार्टी को जीत दिलाई है। ये जीत यूपी की है। आने वाले समय में देश में विकास की गंगा बहेगी। ये सुनिश्चित है।

---

## विधायक अरूण वोरा ने लगाया एक्सीडेंट के दौरान मौतों के मामले में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने चालू विधानसभा सत्र में दुर्ग शहर में लगातार हो रहे एक्सीडेंट के दौरान मौतों के मामले में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लगाया है। वोरा ने कोरोना से मृत लोगों के परिजनों को 50 हजार रुपए मुआवजा राशि न मिलने के मुद्दे पर भी ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लगाया है।

वोरा ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से कहा है कि धमधा नाका ओवरब्रिज, वायशेप ओवरब्रिज, ठगड़ा बांध ओवरब्रिज सहित दुर्ग व भिलाई के अन्य फ्लाईओवर में पिछले दो-तीन वर्षों में 20 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। दुर्ग शहर में बीते एक सप्ताह में ही चार मौतें हो चुकी हैं। यातायात विभाग द्वारा पीडब्लूडी अफसरों को डिवाइडर बनाने सहित अन्य जरूरी कार्य कराने जुलाई 2021 से अब तक 8 बार पत्र लिखा जा चुका है। इसके बावजूद पीडब्लूडी विभाग के अफसरों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। यातायात विभाग को वाहनों की तेज रफ्तार पर भी अंकुश लगाने जरूरी कार्रवाई करना होगा। इससे शहर की जनता आक्रोशित है।

वोरा ने कोरोना से मौतों के मामलों में आपदा राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 50 हजार रुपए की राशि न मिलने का मुद्दा भी ध्यानाकर्षण में लगाया है। प्रदेश में दो हजार से ज्यादा आवेदकों को आवेदन जमा करने के बावजूद मुआवजा राशि नहीं मिली है। वोरा ने कहा कि कोरोना के कारण मृत लोगों के परिजनों को मुआवजा राशि मिलनी चाहिए। ऐसा न होने से मृतकों के परिजन आक्रोशित हैं।

---

## बाबा बालकनाथ मंदिर के स्थापना दिवस पर निकली प्रभात फेरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

### जय बाबे दी के नारों से गूंजा शहर




**भिलाई।** सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर से शुक्रवार को प्रभात फेरी निकाली गई। हर साल मंदिर के स्थापना दिवस के मौके पर प्रभात फेरी व महाभंडारे की प्रथा है जिसे इस साल भी निभाया गया।

प्रभात फेरी में हजारों भक्तों ने शामिल होकर ध्वज थामा और जय बाबे दी के नारों के साथ निकल पड़े। खुर्सीपार से निकलकर विभिन्न मार्गों से होते हुए बाबा की प्रभात फेरी वापस मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई।

#### 13 को होगा हवन एवं महाभंडारा

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रमेश सूरी ने बताया कि बाबा बालकनाथ मंदिर में 58 वां महाभंडारा व हवन कार्यक्रम 13 मार्च को होगा। सुबह 9 बजे से हवन का कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। महाभंडारे में 50 हजार से ज्यादा भक्तों के लिए यहां भोजन की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए तैयारियों शुरू कर दी गई हैं।

इसके अलावा 13 मार्च को दिल्ली के प्रसिद्ध विजय रतन शर्मा द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जायेगी । दिनांक 14 मार्च सोमवार को दोपहर 12:30 से भजन कीर्तन एवं संध्या 6 बजे से मंदिर प्रांगण में भक्तों द्वारा 21 कुण्डीय महायज्ञ द्वारा पूर्णाहूति दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूपए में भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव को निमंत्रण दिया गया है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर नीरज पाल करेंगे।

---

## यूपी सहित चार राज्यों में भाजपा की जीत पर भिलाई भाजपा में जश्न

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले के भिलाई के कार्यकर्ताओं में देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के चार राज्यों में जीत परचम लहराने से भिलाई भाजपा के कार्यकर्ताओं में भारी खुशी का माहौल देखा गया। जिसमें महिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जेसीबी मशीन में चढ़कर पार्टी के झंडे को लहराया व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुहं मीठा कराया गया व जमकर ढोल-बाजे के साथ कार्यकर्ता जमकर सुपेला चौक पर थिरके।

यूपी चुनाव में छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं नें यूपी जाकर जमकर प्रचार-प्रसार किया और पार्टी की रिती-नीति को जनता को बताया। आज जीत के इस खुशी के अवसर पर कार्यकर्ताओं में पूनम शुक्ला, प्रीति जाधव, रामप्यारी वर्मा, अनिता वर्मा, कंचन सिंह, ज्योति शर्मा, संध्या साहू, निर्मला नायडू, आरती गडगे, ज्योति सोनी, रूखमणी साहू, राजेश्वरी सोनी, भारती, रीता सिंह के अलावा पुरूष कार्यकर्ताओं में भाजपा जिलाध्यक्ष विरेन्द्र साहू, शंकरलाल देवांगन, मारकण्डे तिवारी, अमित पाहुजा, निश्चय बाजपेयी, निर्भय जैन, विजय गुप्ता, विकास अग्रवाल, अनिल सोनकर, गोपाल बिष्ट, रामगोपाल शर्मा, दुर्गा सिंगर, रंजित सिंह, अनिल सोनी, गुरजीत सिंह, विजय शुक्ला, रवि गणवीर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

सेक्टर 07 के वार्ड में होंगे विकास कार्य

## एमआईसी मेंबर एकांश बंछोर एवं लक्ष्मीपति राजू ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 66 सेक्टर 07 में 98 लाख रू से होने वाले विकास कार्यो के लिए भूमिपूजन किया गया। सेक्टर 07 के महाराणा प्रताप चौक में महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर एवं खाद्य एवं स्वच्छता विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने सेक्टर 07 के विभिन्न क्षेत्रों में पेवर ब्लॉक लगाने हेतु 98 लाख की लागत से होने वाले कार्य के लिए भूमिपूजन किया।

महाराणा प्रताप चौक से रेल चौक, नेहरू नगर पुल हिन्द उद्यान से सुनीति उद्यान तक तथा रेल चौक के चारो तरफ पेवर ब्लाक लगाने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर एकांश बंछोर एवं लक्ष्मीपति राजू ने कहा कि भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल शहर के विकास में सतत प्रयासरत रहते है, और शहर के सौंदर्यीकरण में हर छोटी बड़ी बातो का ध्यान रखते है हम उनका आभार व्यक्त करते है। पेवर ब्लाक लगाने का कार्य पूर्ण होने से वार्ड स्वच्छ एवं सुंदर दिखाई देगा तथा बारिश के सीजन में कीचड़ से निजात मिलेगी, उन्होंने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि वार्ड के नागरिकों के मांग के अनुरूप और विकास कार्य किए जाएंगे।

---

## सेंट थॉमस महाविद्यालय ने मनाया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई के महिला सेल एवं अंग्रेजी स्नातकोत्तर विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया7 इस गरिमामय अवसर पर एमए अंग्रेजी विभाग के सभी छात्र एवं प्राध्यापकगण नारीत्व का उत्स्व मनाने के लिए एकत्रित हुए। आज का दिन विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों को समर्पित करते हुए मनाया गया।**




एमए अंग्रेजी विभाग के सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक आगे आकर सन 2022 के महिला दिवस विषय बेहतर कल के लिए आज लैंगिक समानता को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम. जी. रोईमोन ने अंग्रेजी विभाग को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन करने के लिए अपनी शुभकामनायें दी। अंग्रेजी स्नातकोत्तर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शाइनी मेंडोंस ने सभी का पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

अंग्रेजी स्नातकोत्तर विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ सुजाता कोले ने समाज को सशक्त बनाने में महिलाओं की भूमिका का वर्णन करते हुए समाज में लैंगिक समानता की बात कही। इस विशिष्ट अवसर पर अपवाद के रूप में पुरुष छात्रों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया7 एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र शुभांग दास ने कहा कि यदि पुरुष महिलाओं के प्रति अपनी सोच को बदलेंगे तो विश्व महिलाओं के लिए एक अच्छा स्थान बन जायेगा। एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र प्रिंस अभिषेक ने कहा कि हमारा उद्देश्य विश्व में लैंगिक समानता लाना है एवं सभी क्षेत्रों में महिलाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए।

इस अवसर पर गौरव कांबले एमए द्वितीय सेमेस्टर, बिपाशा राय सोखे एमए द्वितीय सेमेस्टर, ऐश्वर्य साहू एमए द्वितीय सेमेस्टर, गर्विता अग्रवाल एमए चतुर्थ सेमेस्टर, डिंकल महिलवार गर्विता अग्रवाल एमए चतुर्थ सेमेस्टर एवं बहुत से छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में अंग्रेजी स्नातकोत्तर विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री उदयश्री ने भारतीय महिला लेखक - ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंग विषय पर पावर पॉइंट प्रेसेंटेशन के माध्यम से अनीता देसाई, अरुंधति राय, कमला दास, सरोजनी नायडू, एवं शशि देशपांडे के कार्यो पर अपने विचार व्यक्त किय। इस प्रेसेंटेशन का उद्देश्य छात्रों को विशिष्ट लेखकों के बारे में जानकारी देते हुए यह बताना था कि इन महिलाओं ने अपने जीवन में सभी समस्याओं का सामना करते हुए पूरी हिम्मत के साथ आगे बढ़कर अपना लक्ष्य हासिल किया जो लाखों लोगों के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के अंत में अंग्रेजी स्नातकोत्तर विभाग की सहायक प्राध्यापक सुसन एबिसन ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950